## इस बार भी नहीं लगेगा कालिका माता नवरात्र मेला

रतलाम। नवरात्र सहित आने वाले त्योहारों के संबंध में शांति समिति की बैठक हुई। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम व एसपी गौरव तिवारी ने सदस्यों के सुझाव पर कहा कि शासन के निर्देशानुसार ही कोरोना गाइड-लाइन में नवरात्र व अन्य त्योहारों का आयोजन होना है। सदस्यों की भावना से शासन को अवगत करवा दिया जाएगा। यदि कोई दिशा-निर्देश मिलते हैं तो प्रशासन को परंपरा को कायम रखने में कोई आपति नहीं होगी। कालिका माता परिसर में गत वर्ष के अनुसार ही अल्पसमय के लिए हवन-कुंड के आसपास 10 सदस्यीय संख्या के साथ गरबे हो सकेंगे। आयोजन स्थल को आठ फीट की कनात से कवर करना होगा। इसका समय शाम सात से आठ बजे तक रहेगा। आरती रात आठ बजे की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि नवरात्र पर्व पर कालिका माता मैदान पर नगर निगम द्वारा आयोजित मेले का आयोजन कोरोना वायरस फैलने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए निरस्त किया गया है। कोविड संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए संख्या निर्धारित की गई है।

नईदुनिया 5/10/२१

## अतिक्रमण करने पर 4 व्यक्तियों पर जुर्माना

**रतलाम।** कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देषानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते हैं, उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तह्त को अस्थाई अतिक्रमण करने वाले 4 व्यक्तियों पर जुर्माना कर 22 हजार की राशि वसूल की। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अस्थायी अतिक्रमण करने पर रामेश्वर बरबड़ रोड़ पर 15000, महिपाल चौहान सन सिटी के सामने पर 5000, शर्मा वेल्डिंग गीता मंदिर रोड़ व भीम सिंह लोकेन्द्र टॉकीज रोड़ पर 2000-2000 रूपए का जुर्माना कर भविष्य में अतिक्रमण ना करने की समझाईश दी गई। प्रसारण

प्रसारण 5/10/21

गड़बड़ी का प्रशिक्षण केंद्र

# गड़बड़ी का प्रशिक्षण केंद्र: कचरा रेलवे कॉलोनी में डाल रहा ठेकेदार



रतलाम. शहर में महू रोड स्थित गुजराती चाल में रेलवे द्वारा बनाए गए गड़बड़ी के प्रशिक्षण केंद्र में जिस व्यक्ति को सफाई का कार्य दिया गया है, वो सारी गंदगी रेलवे कॉलोनी में ही डाल रहा है। ऐसे में जहां गंदगी डल रही है वहां सैकड़ों की तादात में मच्छर पनप रहे हैं।

रेलवे ने प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत के बाद भोजन निर्माण से लेकर स्वच्छता कार्य के लिए टेंडर अब जाकर जारी किए है। इसके पूर्व ही यहां पर कार्य को अनुबंध के अंतर्गत सौंप दिया गया। जिसको कार्य सौंपा गया उसको स्वच्छता कार्य में सिर्फ कर्मचारियों के लिए 253380 रुपए का भुगतान रेलवे करेगी, जबकि संसाधन के लिए 61546 रुपए अलग से दिए जाएंगे।

## प्रतिदिन डाल रहे कचरा

अनुबंधीत ठेकेदार द्वारा रेलवे कॉलोनी में कचरे को डाल रहा है। इससे यहां पर सैकड़ो मच्छर हो गए है। इन दिनों डेंगू का प्रकोप चल रहा है, इसके बाद भी रेलवे अपनी ही कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारियों व उनके परिजन के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर नहीं है। इसी क्षेत्र में डेंगू के मरीज सामने आ चुके है, इसके बाद भी गंदगी को सार्वजनिक स्थान पर डालने दिया जा रहा है। बड़ी बात तो यह है कि इसी कॉलोनी में रेल संगठनों के पदाधिकारियों के आवास है, लेकिन रेल प्रशासन के दबाव में सभी चुप है।

हमारे क्षेत्र में डेंगू के दो मरीज आ चुके है। मच्छर हो रहे है। रेलवे ठेकेदार कचरा सार्वजनिक स्थान पर डाल रहा है। लेकिन रेलवे से लेकर नगर निगम कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। हमारा सवाल है कि हम डेंगू से मर जाएंगे तब जिम्मेदार जांगेगे क्या। - **अर्चना सिंह** रेल कर्मचारी परिजन

पत्रिका 5/10/21

# ाल को सिटी इंजीनियर व एपी सिंह को स्वास्थ्य अधिकारी के पद से हटाया

## गम के इंजीनियरों को सौंपे नवीन दायित्व - झोन प्रभारियों के झोन में किये बदलाव

जुलवानिया व करमदी ट्रेंचिंग ग्राउण्ड संबंधी विकास कार्य व स्वच्छ भारत मिषन नोडल अधिकारी, प्रभारी कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल को प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी, निर्वाचन प्रकोश्ठ, जनगणना, एस.डी.आर.एफ. योजना, आईएचएचएल, नेहरू स्टेडियम, वूमन स्पोर्टस काम्पलेक्स व प्रस्तावित फुड जोन का दायित्व सौंपा है।

इसी तरह प्रभारी सहायक यंत्री अरविन्द दषोत्तर को प्रभारी अधिकारी उद्यान व प्रभारी अधिकारी अमृत सागर झील संरक्षण योजना, एम.के. जैन को लोक निर्माण विभाग के वार्ड क्रमांक 1 से 14 के समस्त विकास कार्य, सीएम इन्फ एवं मिनी स्मार्ट सिटी वार्ड क्रमांक 1 से 14, कालोनी सेल वार्ड क्रमांक वार्ड क्रमांक 1 से 14 व निर्वाचन एवं जनगणना वार्ड क्रमांक 1 से 14 तक, सत्यप्रकाश आचार्य को प्रभारी अधिकारी विकास शाखा व प्रभारी अधिकारी प्रकाश विभाग, श्याम कुमार सोनी को भवन अनुज्ञा वार्ड क्रमांक 1 से 49 तर्क, लोक निर्माण विभाग के वार्ड क्रमांक 15 से 32 के समस्त विकास कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, एएचपी, बीएलसी घटक के समस्त कार्य, कालोनी सेल वार्ड क्रमांक वार्ड क्रमांक 15 से 32, अमृत योजना - सीवरेज, मिनी स्मार्ट सिटी अन्तर्गत आ.आर. 01 रोड संबंधित कार्य व जुलवानिया व करमदी ट्रेंचिंग ग्राउण्ड संबंधी विकास कार्य, अनवर कुरेशी को लोक निर्माण विभाग के वार्ड क्रमांक 33 से 49 के समस्त विकास कार्य, कालोनी सेल वार्ड क्रमांक वार्ड क्रमांक 33 से 49, सीएम इन्फा 3, मिनी स्मार्ट सिटी अन्तर्गत आ.आर. 3 एवं 4 रोड संबंधित कार्य, स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी सहायक यंत्री, अमृत सागर झील संरक्षण योजना, नेहरू स्टेडियम व वूमन स्पोर्टस काम्पलेक्स का दायित्व सौंपा है।



इसके अलावा निगम आयुक्त झारिया ने उपयंत्री भैय्यालाल चौधरी को जलप्रदाय विभाग वार्ड क्रमांक 1 से 25, सुहास पंडित को वार्ड क्रमांक 26 से 49, राजेन्द्र मिश्रा को लोक निर्माण विभाग अन्तर्गत मेन्टेनेंस कार्य के प्रभारी सहायक यंत्री वार्ड क्रमांक 1 से 49, उपयंत्री वार्ड क्रमांक 1 से 8, लोक निर्माण विभाग के समस्त कार्य, भवन अनुज्ञा, सीएम इन्फा एवं मिनी स्मार्ट सिटी, कालोनी सेल, पीएमएवाय अर्न्तगत बीएलसी, निर्वाचन एवं जनगणना, नेहरू स्टेडियम व वूमन स्पोर्टस काम्पलेक्स, राजेश पाटीदार को उपयंत्री वार्ड क्रमांक 9 से 16, लोक निर्माण विभाग के समस्त कार्य, भवन अनुज्ञा, सीएम इन्फा एवं मिनी स्मार्ट सिटी, कालोनी सेल, पीएमएवाय अंर्तगत बीएलसी, निर्वाचन एवं जनगणना, अमृत सागर झील संरक्षण, जुलवानिया व करमदी टेऊचिंग ग्राउण्ड संबंधी विकास कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना एएचपी डीपीआर 1 मुखर्जी नगर एवं डोसी गांव तथा सीवरेज वार्ड क्रमांक 26 से 49, ब्रजेश कुशवाह को उपयंत्री वार्ड क्रमांक 17 से 24, लोक निर्माण विभाग के समस्त कार्य, भवन अनुज्ञा, सीएम इन्फा एवं मिनी स्मार्ट सिटी, कालोनी सेल, पीएमएवाय अर्न्तगत बीएलसी, निर्वाचन एवं जनगणना, अमृत योजना-नाला सुदृढ़ीकरण, ग्रीन स्पेस, उपयंत्री उद्यान, मेन्टेनेन्स संबंधी समस्त कार्य वार्ड क्रमांक 1 से 49 तथा विकास शाखा वार्ड क्रमांक 1 से 25, मनीश तिवारी उपयंत्री वार्ड क्रमांक 25 से 32, लोक निर्माण विभाग के समस्त कार्य, भवन अनुज्ञा, सीएम इन्फा एवं मिनी स्मार्ट सिटी, कालोनी सेल, पीएमएवाय अंतर्गत बीएलसी, निर्वाचन एवं जनगणना, उपयंत्री कर्मशाला विभाग तथा सिटी ट्रांसपोर्ट, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर को उपयंत्री वार्ड क्रमांक 33 से 40, लोक निर्माण विभाग के समस्त कार्य, भवन अनुज्ञा, सीएम इन्फा एवं मिनी स्मार्ट सिटी, कालोनी सेल, पीएमएवाय अंतर्गत बीएलसी, निर्वाचन एवं जनगणना, प्रधानमंत्री आवास योजना एएचपी घटक अंतर्गत डीपीआर 3 बंजली, आईएचएचएल वार्ड क्रमांक 26 से 49 व सीवरेज वार्ड क्रमांक 1 से 25 तथा श्रीमती अनिता ठकुर को उपयंत्री वार्ड क्रमांक 41 से 49, लोक निर्माण विभाग के समस्त कार्य, भवन अनुज्ञा, सीएम इन्फा एवं मिनी स्मार्ट सिटी, कालोनी सेल, पीएमएवाय अंतर्गत बीएलसी, निर्वाचन एवं जनगणना, प्रधानमंत्री आवास योजना एएचपी घटक अंतर्गत डीपीआर 2 डोसी गांव, आईएचएचएल वार्ड क्रमांक 1 से 25 व विकास षाखा वार्ड क्रमांक 26 से 49 तक का दायित्व सौंपा है।

निगम आयुक्त झारिया ने स्वास्थ्य विभाग में विनय सिंह चौहान को झोन क्रमांक 3 का झोन प्रभारी, पर्वत हाड़े को झोन क्रमांक झोन क्रमांक 1 का झोन प्रभारी, किरण चौहान को झोन क्रमांक 4 का झोन प्रभारी नियुक्त किया वहीं उप स्वच्छता पर्यवेक्षक श्री सौरभ काला को वार्ड क्रमांक 15 के वार्ड प्रभारी का दायित्व सौंपा।

प्रसारण 5/10/21

सरकार के एसओपी के बाद जिला प्रशासन ने जारी की नई गाइडलाइन

# नेता आएंगे, बड़ी सभाएं भी होगी...आम जनता के लिए गरबा पाबंदी, रात 11 बजे कराएंगे शहरबंदी

सिटी इश्यू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कोविड नियमों के नाम पर पुलिस और प्रशासन ने त्योहारों की रंगत फिकी कर दी है। दो दिन बाद से मां की आराधना के पर्व नवरात्र की शुरुआत हो रही है। ऐसे में इस बार भी प्रशासन ने गराबा रास और मेले की अनुमति नही दी है। इतना ही नही पांडाल सजाकर माता की प्रतिमा की स्थापना करने के लिए भी अनुमति लेने के निर्देश जारी किए गए है। वही दूसरी ओर त्योहार के समय नाइट कर्फ्यू में भी किसी प्रकार की छूट नही दिए जाने से माता के भक्तों के साथ शहरवासी और व्यापारी वर्ग में जिम्मेदारों के प्रति नाराजगी व्याप्त है। लोगों की माने तो उन पर नियमों का डंडा चलाया जा रहा है जबकि धरना, प्रदर्शन और जुलूस रोकने में जिम्मेदार नाकाम है।

शहर के लोगों की माने तो त्योहारों को देखते हुए नाइट कर्फ्यू में ढ़ील को सुबह व रात के समय कम से कम एक-एक घंटा बढ़ाना चाहिए। इसका समय बदलकर प्रशासन को रात 12 से सुबह 5 बजे करना चाहिए जिससे कि नवरात्र में सुबह जल्दी माता के दर्शन के लिए मंदिरों और पांडालों में जा सके और त्योहार के इस समय बाजार को रात में एक घंटे की छूट मिलने से व्यापारियों को भी काफी हद तक राहत मिल सकेगी। पुलिस कंट्रोल रूम पर सोमवार शाम आयोजित शांति समिति की बैठक से व्यापारियों के साथ ही गरबा आयोजक और शहरवासियों को छूट मिलने की खासी उम्मीद थी लेकिन उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया।

मंदिर पर तैयारी



कालिका माता में एक घंटे सांकेतिक गरबा

प्रशासन का तर्क है कि सदस्यों की भावना से शासन को अवगत करवा दिया जाएगा। यदि कोई दिशा-निर्देश मिलते है तो प्रशासन को परम्परा को कायम रखने में कोई आपत्ति नहीं होगी। कालिका माता परिसर में गत वर्ष के अनुसार ही अल्प समय के लिए हवन-कुण्ड के आसपास 10 सदस्यीय संख्या के साथ गरबे हो सकेंगे। आयोजन स्थल को 8 फीट की कनात से कवर करना होगा, जिसका समय रात्रि 7 से 8 बजे तक किया गया है तथा आरती 8 बजे की जाए। शासन की गाइड लाइन आने पर दशहरा पर्व की व्यवस्था की जाएगी। शरद पूर्णिमा पर्व, मिलाद-उन-नबी पर्व, दीपावली, गुरूनानक जयंती, क्रिसमस पर्व सहित आने वाले पर्वों के संबंध में भी बैठक में चर्चा की गई। प्रतिमा स्थापना स्थल पर पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था, इमरजेंसी लाईट, जनरेटर की व्यवस्था की जाए, साथ ही बिजली का कनेक्शन अनिवार्य रुप से लिया जाए। प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्था भी पूर्वानुसार ही की जाएगी। श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए अतरिक्त महिला पुलिस बल की व्यवस्था भी किए जाने के निर्देश दिए गए है।

शासन द्वारा जारी कोविड नियमों का पालन सभी को करना अनिवार्य है। नवरात्रि के दौरान गराबा रास का और मेले का आयोजन नहीं होगा। नाइट कर्फ्यू में किसी प्रकार की कोई छूट नहीं मिलेगी। गरबा को लेकर शासन से यदि कोई निर्देश आते है तो अंतिम निर्णय मंगलवार को लिया जाएगा।- **कुमार पुरषोत्तम**, कलेक्टर

मूर्ति स्थापना के लिए आयोजकों को अनुमति लेना होगी। रात के कर्फ्यू में कोई छूट नहीं दी गई है, सभी को कोविड नियमों का पालन करना अनिवार्य रहेगा। यदि रात 11 बजे बाद कोई अनावश्यक रूप से घूमते पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**- गौरव तिवारी**, पुलिस अधीक्षक

पत्रिका

पत्रिका 5/10/21

**हमारे जागरूक पाठकों की बोलतीं तस्वीरें**

# मुख्य सड़कें ही नहीं, कॉलोनी व मोहल्लों की सड़कें भी बारिश से हुई जर्जर

रतलाम | मेंटेनेंस नहीं होने से कॉलोनियों से लेकर मुख्य सड़कों की हालत खराब है। स्थिति यह है कि आम जनता की कई सड़कें तो ऐसी हैं जिनकी एक दशक से भी सुध नहीं ली गई है। नतीजा यह है कि जनता परेशान है और बारिश के सीजन में बिखरी गिट्टी और चूरी के बीच वाहन निकालना पड़ रहे हैं। हमें भास्कर के जागरूक पाठकों ने शहर का हाल बयां करती तस्वीरें भेजी हैं।

### तेजानगर ब्लॉक-1 : थोड़ी बारिश में कीचड़



तेजानगर ब्लॉक-1 में लंबे समय से सड़क नहीं बनी है। थोड़ी सी बारिश में कीचड़ हो जाता है। क्षेत्र के संजय वर्मा इसके लिए दोषी राजनीतिक नेतृत्व और प्रशासन की नाकाम प्रणाली को मानते हैं। उनका कहना है कि जब निगम टैक्स वसूलता है तो फिर सड़कें क्यों नहीं बनाता है।

### अमृतसागर मेन रोड : मुख्य सड़क पर गड्ढे



ये सड़क अमृतसागर मेन रोड है। मुख्य मार्ग है होने के बाद भी इतने गड्ढे हो रहे हैं कि सड़क तो ढूंढने से भी नहीं मिलती है। अमृतसागर कॉलोनी निवासी जितेंद्र वर्मा इसके लिए जनप्रतिनिधि और निगम को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि एक साल से इसकी हालत ऐसी है। इससे गुजरना भी मुश्किल है।

### एमबी नगर : निगम ने मुंह मोड़ा



ये एमबी नगर की सड़क है। इस कॉलोनी की सड़कों के हाल भी अन्य सड़कों की तरह ही है। बारिश में पानी भरने से कीचड़ हो जाता है। क्षेत्र के एमएस चुंडावत ने बताया निगम ही पूरी तरह से इसके लिए जिम्मेदार है। यहां लंबे समय से सड़कों पर ध्यान नहीं दिया गया है।

### काजीपुरा : नाले का गंदा पानी बह रहा



ये सड़क काजीपुरा स्थित काजी हाउस के सामने की है। पास में ही काजीपुरा की मसजिद है। नाला टूटा होने से नाले का सारा गंदा पानी सड़क पर बहता है। चीफ काजी आसिफ अली ने बताया निगम के जिम्मेदार अफसरों को शिकायत कर थक चुके हैं। लेकिन सड़क नहीं सुधर पाई है।

भास्कर

दै. भास्कर 5/10/21

# डेंगू के दो नए मामले, एक बांसवाड़ा का

## मानव सेवा समिति ने 115 लोगों को उपलब्ध कराए प्लेटलेट्स

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** जिला अस्पताल लैब से सोमवार को एलाइजा जांच की छह रिपोर्ट में दो डेंगू पाजिटिव मरीज मिले। इसमें एक बांसवाड़ा (राजस्थान) का है और एक मरीज शहर के नया गांव जनता कालोनी का है। नए मरीज लगातार मिल रहे हैं और अब आंकड़ा बढ़ते हुए 405 पहुंच गया है। वहीं एंटीजन किट जांच में भी नए मामले मिले। इसमें जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज, बाल चिकित्सालय और निजी अस्पतालों के हैं। मानव सेवा समिति ने सोमवार को भी 115 गंभीर मरीजों को प्लेटलेट्स उपलब्ध कराए। इसमें अधिकांश मरीज डेंगू के हैं, जिनके प्लेटलेट्स बीस हजार से कम हैं। साथ ही शहर में सर्वे के दौरान 44 घरों में लार्वा मिला है। 13 पानी टंकी, 43 कंटेनर और 24 बेकार टायरों में भी लार्वा मिला। जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि एलाइजा जांच में दो नए मामले मिले हैं। बचाव के उपाय और जागरूकता के लिए टीमें सतत काम कर रही हैं। नई।

नईदुनिया 5/10/21

# डेंगू से बचाव हेतु प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव निरंतर जारी

**रतलाम।** कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नागरिकों को मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से बचाव हेतु नगर प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मषीन से कीटनाषक दवा का छिड़काव का कार्य निरंतर जारी है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर बताया कि शहर में बढ़ रहे डेंगू व मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से नगरनिगम व मलेरिया विभाग द्वारा रूट चार्ट अनुसार सुबह 5:30 से 8 बजे तक व शाम को 6 से रात 10 बजे तक किया जा रहा है साथ ही प्रत्येक वार्ड में एक-एक हैण्ड स्प्रे मशीन से भी कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है। प्रसारण

प्रसारण 5/10/21

# नगर निगम की अव्यवस्थाओं के खिलाफ कांग्रेस का प्रभावी प्रदर्शन

प्रसारण न्यूज • रतलाम



नगर निगम में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस ने एक जंगी प्रदर्शन शहीद चौक से नगर निगम के भवन तक विशाल रैली के रूप में कार्यकर्ताओं ने किया।

हल्ला बोल प्रदर्शन में कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एन एस यू आई, इंटक एवं विभिन्न प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता हाथ में तख्तियां एवं झंडे लेकर चल रहे थे। नगर निगम गेट पर कार्यकर्ताओं एवं आम जनता को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया ने निगम प्रशासन को आड़े हाथों लिया। साथ ही चेतावनी दी है कि जन हितैषी कार्यों में किसी भी प्रकार का भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुंदरीकरण के नाम पर जनता को बेरोजगार नहीं किया जाए एवं साथ में जरूरतमंदों को पट्टे एवं प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए।

कार्यक्रम को शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, पारस सकलेचा, यास्मीन शैरानी, रजनीकांत व्यास, शांतिलाल वर्मा, बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कछवाहा, मुबारिक खान, राजीव रावत, सतीश पुरोहित अरविंद सोनी, हितेश पेमल ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में जेम्स चाको, शैलेंद्र सिंह अठाना, श्रीमती अदिति दवेसर, मनसूर अली पटौदी, संजय छजेड़, सैयद बुसद, श्रीमती मीना बग्गा, नीलेश शर्मा, महिप मिश्रा, श्रीमती संगीता काकरिया, श्रीमती निशा विजय, जोएब आरिफ, सुजीत उपाध्याय सहित कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे। उत्तर प्रदेश लखीमपुर लिखी में कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका वाड्रा को किसानों के यहां जाने से रोक कर जिस प्रकार से ढंग से गिरफ्तार किया, उसकी निंदा की गई एवं राष्ट्रपति से उत्तर प्रदेश सरकार तत्काल भंग करने की मांग की गई है। कार्यक्रम के अंत में जिला प्रशासन के नाम एक ज्ञापन एसडीएम अभिषेक गहलोत को सौंपा गया।

---

**आंदोलन** | अव्यवस्थाओं को लेकर नगर निगम को लिया आड़े हाथ

# कांग्रेस ने रैली निकालकर किया हल्ला बोल प्रदर्शन

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नगर निगम रतलाम में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस द्वारा सोमवार को हल्ला बोल प्रदर्शन किया गया। शहर सराय शहीद चौक से नगर निगम के भवन तक रैली निकाली गई।

हल्ला बोल प्रदर्शन में कांग्रेस व उससे जुड़े सभी संगठनों के कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां, झंडे थामकर रैली में शामिल हुए। नगर निगम गेट पर कार्यकर्ताओं व आम जनता को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल जाए। जरूरतमंदों को पट्टे व प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, पारस सकलेचा, यास्मीन शेरानी शांतिलाल वर्मा, बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कछवाय, मुबारिक खान, हितेश पैमाल ने संबोधित किया। जेम्स चाको, शैलेंद्रसिंह अठाना, मंसूर अली पटोदी, संजय छाजेड़ आदि उपस्थित थे। उधर, उत्तर प्रदेश में कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा को किसानों के यहां जाने से रोककर गिरफ्तार करने की घटना की



## प्रशासन का अब सेकंड डोज पर पूरा फोकस

रतलाम। कोरोना के विरुद्ध वैक्सीनेशन अभियान में अब जिले में पूरा फोकस सेकंड डोज पर किया जा रहा है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने वैक्सीनेशन के संदर्भ में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सेकंड डोज का प्लान बनाएं जो ऑटो मोड में संचालित हो। कलेक्टर ने कहा है कि जिले में 92 प्रतिशत से ज्यादा प्रथम डोज वैक्सीनेशन कार्य संपन्न किया जा चुका है।

नवभारत 5/10/21

## जिले में अब सेकंड डोज पर पूरा फोकस

रतलाम। कोरोना के विरुद्ध वैक्सीनेशन अभियान में अब जिले में पूरा फोकस सेकंड डोज पर किया जा रहा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने वैक्सीनेशन के संदर्भ में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सेकंड डोज का प्लान बनाएं जो ऑटो मोड में संचालित हो। कलेक्टर ने कहा है कि जिले में 92 प्रतिशत से ज्यादा प्रथम डोज वैक्सीनेशन कार्य संपन्न किया जा चुका है।

प्रसारण 5/10/21

## जिले में अब सेकंड डोज पर पूरा फोकस

रतलाम। कोरोना के विरुद्ध वैक्सीनेशन अभियान में अब जिले में पूरा फोकस सेकंड डोज पर किया जा रहा है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने वैक्सीनेशन के संदर्भ में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सेकंड डोज का प्लान बनाएं जो ऑटो मोड में संचालित हो। कलेक्टर ने कहा है कि जिले में 92 प्रतिशत से ज्यादा प्रथम डोज वैक्सीनेशन कार्य संपन्न किया जा चुका है।

स्वतंत्र मत 5/10/21

## जिले में अब सेकंड डोज पर पूरा फोकस

रतलाम। कोरोना के विरुद्ध वैक्सीनेशन अभियान में अब जिले में पूरा फोकस सेकंड डोज पर किया जा रहा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने वैक्सीनेशन के संदर्भ में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सेकंड डोज का प्लान बनाएं, जो आटो मोड में संचालित हो। कलेक्टर ने कहा है कि जिले में 92 प्रतिशत से ज्यादा प्रथम डोज वैक्सीनेशन कार्य संपन्न किया जा चुका है।

नई दुनिया 5/10/21

## जिले में अब सेकंड डोज पर पूरा फोकस

रतलाम। कोरोना के विरुद्ध वैक्सीनेशन अभियान में अब जिले में पूरा फोकस सेकंड डोज पर किया जा रहा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने वैक्सीनेशन के संदर्भ में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सेकंड डोज का प्लान बनाएं जो ऑटो मोड में संचालित हो। कलेक्टर ने कहा है कि जिले में 92 प्रतिशत से ज्यादा प्रथम डोज वैक्सीनेशन कार्य संपन्न किया जा चुका है।

आचरण 5/10/21

## सेकंड डोज पर पूरा करने के दिए निर्देश

रतलाम ● कोरोना के विरुद्ध टीकाकरण अभियान में अब जिले में पूरा फोकस सेकंड डोज पर किया जा रहा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने टीकाकरण के संदर्भ में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सेकंड डोज का प्लान बनाएं जो ऑटो मोड में संचालित हो। कलेक्टर ने कहा है कि जिले में 92 प्रतिशत से ज्यादा प्रथम डोज टीकाकरण कार्य संपन्न किया जा चुका है।

स्वदेश 5/10/21

## आज शहर में 13 स्थानों पर लगेगी वैक्सीन

रतलाम | जिले में कोरोना वैक्सीनेशन लगातार जारी है। मंगलवार को शहर में 13 स्थानों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। मंगलवार को गांधीनगर स्थित आंबेडकर सामुदायिक भवन, लक्ष्मणपुरा स्थित रामकला सभागृह, जवाहर नगर स्थित बीमा अस्पताल, इंदिरा नगर स्थित महर्षि दयानंद वैदिक विद्यालय, गुरु रामदास स्कूल, गणेश नगर स्वास्थ्य केंद्र, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, प्रिंस पैलेस, बरबड़ हनुमान मंदिर, काश्यप सभागृह, जिला अस्पताल में कोविशील्ड का पहला व दूसरा टीका लगेगा।

# जी.के. जायसवाल को सिटी इंजीनियर व एपी सिंह को स्वास्थ्य अधिकारी के

## - नगर निगम के इंजीनियरों को सौंपे नवीन दायित्व - झोन प्रभारियों के झोन में किये

प्रसारण न्यूज • रतलाम

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम ने सिटी इंजीनियर जी.के. जायसवाल व स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह को कार्य में लापरवाही बरतने व निरंतर शिकायतें प्राप्त होने पर पद से हटाते हुए श्री जायसवाल को प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी व सिंह को झोन क्रमांक 2 का झोन प्रभारी नियुक्त किया।

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने इंजीनियरिंग विभाग के इंजीनियरों को नवीन दायित्व आगामी आदेश तक सौंपते हुए प्रभारी कार्यपालन यंत्री हनीफ शेख को जलप्रदाय विभाग, कर्मशाला विभाग व लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 1 से 49 के समस्त निर्माण एवं संधारण कार्य, प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास को प्रधानमंत्री आवास योजना, एएचपी, बीएलसी घटक के समस्त कार्य, कालोनी सेल, अमृत योजना-सीवरेज, नाला सुदृढ़ीकरण, ग्रीन स्पेस, सीएम इन्फ्रा फेस 2 एवं 3, मिनी स्मार्ट सिटी, सिटी ट्रांसपोर्ट, जुलवानिया व करमदी ट्रेंचिंग ग्राउण्ड संबंधी विकास कार्य व स्वच्छ भारत मिषन नोडल अधिकारी, प्रभारी कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल को प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी, निर्वाचन प्रकोश्ठ, जनगणना, एस.डी.आर.एफ. योजना, आईएचएचएल, नेहरू स्टेडियम, वूमन स्पोर्टस काम्पलेक्स व प्रस्तावित फुड जोन का दायित्व सौंपा है।

इसी तरह प्रभारी सहायक यंत्री अरविन्द दषोत्तर को प्रभारी अधिकारी उद्यान व प्रभारी अधिकारी अमृत सागर झील संरक्षण योजना, एम.के. जैन को लोक निर्माण विभाग के वार्ड क्रमांक 1 से 14 के समस्त विकास कार्य, सीएम इन्फ्र एवं मिनी स्मार्ट सिटी वार्ड क्रमांक 1 से 14, कालोनी सेल वार्ड क्रमांक वार्ड क्रमांक 1 से 14 व निर्वाचन एवं जनगणना वार्ड क्रमांक 1 से 14 तक, सत्यप्रकाश आचार्य को प्रभारी अधिकारी विकास शाखा व प्रभारी अधिकारी प्रकाश विभाग, श्याम कुमार सोनी को भवन अनुज्ञा वार्ड क्रमांक 1 से 49 तर्क, लोक निर्माण विभाग के वार्ड क्रमांक 15 से 32 के समस्त विकास कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, एएचपी, बीएलसी घटक के समस्त कार्य, कालोनी सेल वार्ड क्रमांक वार्ड क्रमांक 15 से 32, अमृत योजना-सीवरेज, मिनी स्मार्ट सिटी अन्तर्गत आ.आर. 01 रोड संबंधित कार्य व जुलवानिया व करमदी ट्रेंचिंग ग्राउण्ड संबंधी विकास कार्य, अनवर कुरेशी को लोक निर्माण विभाग के वार्ड क्रमांक 33 से 49 के समस्त विकास कार्य, कालोनी सेल वार्ड क्रमांक वार्ड क्रमांक 33 से 49, सीएम इन्फ्रा 3, मिनी स्मार्ट सिटी अन्तर्गत आ.आर. 3 एवं 4 रोड संबंधित कार्य, स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी सहायक यंत्री, अमृत सागर झील संरक्षण योजना, नेहरू स्टेडियम व वूमन स्पोर्टस काम्पलेक्स का दायित्व सौंपा है।



इसके अलावा निगम आयुक्त झारिया ने उपयंत्री भैय्यालाल चौधरी को जलप्रदाय विभाग वार्ड क्रमांक 1 से 25, सुहास पंडित को वार्ड क्रमांक 26 से 49, राजेन्द्र मिश्रा को लोक निर्माण विभाग अन्तर्गत मेन्टेनेंस कार्य के प्रभारी सहायक यंत्री वार्ड क्रमांक 1 से 49, उपयंत्री वार्ड क्रमांक 1 से 8, लोक निर्माण विभाग के समस्त कार्य, भवन अनुज्ञा, सीएम इन्फ्रा एवं मिनी स्मार्ट सिटी, कालोनी सेल, पीएमएवाय अर्न्तगत बीएलसी, निर्वाचन एवं जनगणना, नेहरू स्टेडियम व वूमन स्पोर्टस काम्पलेक्स, राजेश पाटीदार को उपयंत्री वार्ड क्रमांक 9 से 16, लोक निर्माण विभाग के समस्त कार्य, भवन अनुज्ञा, सीएम इन्फ्रा एवं मिनी स्मार्ट सिटी, कालोनी सेल, पीएमएवाय अंतंगत बीएलसी, निर्वाचन एवं जनगणना, अमृत सागर झील संरक्षण, जुलवानिया व करमदी टेऊचिंग ग्राउण्ड संबंधी विकास कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना एएचपी डीपीआर 1 मुखर्जी नगर एवं डोसी गांव तथा सीवरेज वार्ड क्रमांक 26 से 49, ब्रजेश कुशवाह को उपयंत्री वार्ड क्रमांक 17 से 24, लोक निर्माण विभाग के समस्त कार्य, भवन अनुज्ञा, सीएम इन्फ्रा एवं मिनी स्मार्ट सिटी, कालोनी सेल, पीएमएवाय अर्न्तगत बीएलसी, निर्वाचन एवं जनगणना, अमृत योजना-नाला सुदृढ़ीकरण, ग्रीन स्पेस, उपयंत्री उद्यान, मेन्टेनेन्स संबंधी समस्त कार्य वार्ड क्रमांक 1 से 49 तथा विकास शाखा वार्ड क्रमांक 1 से 25, मनीश तिवारी उपयंत्री वार्ड क्रमांक 25 से 32, लोक निर्माण विभाग के समस्त कार्य, भवन अनुज्ञा, सीएम इन्फ्रा एवं मिनी स्मार्ट सिटी, कालोनी सेल, पीएमएवाय अंतर्गत बीएलसी, निर्वाचन एवं जनगणना, उपयंत्री कर्मशाला विभाग तथा सिटी ट्रांसपोर्ट, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर को उपयंत्री वार्ड क्रमांक 33 से 40, लोक निर्माण विभाग के समस्त कार्य, भवन अनुज्ञा, सीएम इन्फ्रा एवं मिनी स्मार्ट सिटी, कालोनी सेल,

प्रसारण 5/10/21

**सड़कों का निकल रहा दम** • दैनिक भास्कर ने प्रमुखता से उठाया मुद्दा तो संभाला मोर्चा

# खराब सड़कों को लेकर कलेक्टर हुए सख्त, सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल को हटाया

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर की खराब सड़कों को लेकर जनता की नाराजगी का असर अब अफसरों पर भी पड़ने लगा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम सड़क सहित अन्य मुद्दों को लेकर खासे नाराज हुए। उनकी नाराजगी का असर नगर निगम पर दिखा और निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सोमवार को सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल को हटा दिया है। अब वे स्वास्थ्य विभाग का कामकाज देखेंगे। वे सिटी इंजीनियर होकर सड़कों का निर्माण करवाना तो दूर वे रिपेयरिंग तक नहीं करवा पा रहे थे। शहर आए प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया शहरवासियों से दीपावली के पहले सड़कों की मरम्मत का वादा कर चुके हैं। बावजूद मरम्मत शुरू नहीं हो पाई है। सड़कों को लेकर दो दिन से दैनिक भास्कर इस मुद्दे को प्रमुखता से उठा रहा है।



जीके जायसवाल
सिटी इंजीनियर
नगर निगम

**दस महीने पहले बने थे सिटी इंजीनियर :** जायसवाल पहले भी सिटी इंजीनियर थे लेकिन तत्कालीन आयुक्त एसकेसिंह के समय तबादला हो गया था। इसके बाद नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया आए तो उनके बाद वे भी रतलाम आ गए और फिर सिटी इंजीनियर बन गए लेकिन सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता में शामिल नहीं रही। उन्हें सिटी इंजीनियर के पद से हटा दिया है। उनकी जगह सिटी इंजीनियर छह महीने पहले देवास से तबादला होकर आए हनीफ शेख को बनाया है। वहीं वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग का काम देख रहे एपीसिंह को जोन 2 का प्रभारी बनाया है।

## त्योहारों को लेकर हुई शांति समिति की बैठक में छाया रहा खराब सड़कों का मुद्दा



शहर तो दूर नगर निगम अपने विभाग के सामने की सड़क की मरम्मत नहीं करा पा रहा है। गिट्टी बिखरने से रोजाना दुर्घटना हो रही है।

सोमवार शाम को हुई शांति समिति की बैठक में भी सड़कों का मुद्दा छाया रहा। एक के बाद एक त्योहार हैं और सड़कों की मरम्मत शुरू नहीं होने से जनप्रतिनिधियों ने नाराजी जताई। भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक चौटाला, महेंद्र गादिया, पवन सोमानी सहित अन्य नेताओं ने सड़क का मुद्दा उठाया और बोले त्योहार आ रहे हैं व सड़कों की हालत खराब हो रही है। उनके साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी प्रमुखता से मुद्दा उठाया। इस पर कलेक्टर बोले सड़क मरम्मत की हमारी तैयारी है। 15 अक्टूबर से डामर के प्लांट चालू हो जाएंगे। इसके बाद निर्माण शुरू किया जाएगा। वहीं स्मार्ट सिटी के भी 14 करोड़ रुपए हैं उनसे भी सड़कें बनाएंगे। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा सुभाष कॉम्प्लेक्स, नित्यानंद मार्केट, डोसीगांव पीएम आवास की संपत्ति सेल की जा रही है। इससे जो राशि आएगी उससे भी सड़कों का ही निर्माण किया जाएगा।

### दोनों विभाग के सामने है कीचड़

सड़क निर्माण व मेंटिनेंस का काम नगर निगम और लोक निर्माण विभाग का है लेकिन मेंटिनेंस नहीं होने से सड़कों की हालत ही खराब हो रही है। वहीं लोक निर्माण विभाग के सामने सड़क की हालत भी यही है। सीवरेज की खुदाई के बाद से रोड नहीं बनी है। इससे बारिश में पूरा रोड ही खराब हो रहा है।

**आप भी भेजें खराब सड़क के फोटो**

सड़कों की दुर्दशा से त्रस्त पूरा शहर है। आप भी जिम्मेदार शहरी होने का फर्ज निभाएं। अपनी खराब सड़क की फोटो हमें भेजें। दैनिक भास्कर इसे प्रकाशित करेगा। आपकी खराब सड़क के लिए आप किसे जिम्मेदार मानते हैं यह भी लिखें। इस नंबर **98263-98255** पर सिर्फ वाट्सएप करें।

### कार्रवाई नहीं कर रहे थे

*सड़क सहित अन्य मुद्दों को लेकर अधिकारी ठीक से कार्रवाई नहीं कर रहे थे। भेदभाव की शिकायत मिल रही थी। इससे परिवर्तन किया गया है।*

**कुमार पुरषोत्तम,** कलेक्टर

### काम नहीं किए इससे हटाया

*सिटी इंजीनियर का काम सड़कें, नालियां सहित विकास का है लेकिन वे काम पर खरा नहीं उतर रहे थे। इससे कलेक्टर के निर्देश पर उन्हें हटा दिया है।*

**सोमनाथ झारिया,** निगम आयुक्त

**भास्कर इस्यू**


ऐसी हैं आम और खास की सड़कें...

3 अक्टूबर को प्रकाशित खबर।


50 करोड़ से ज्यादा सालाना रोड टैक्स चुकाने के बाद भी जनता की सड़कों का हाल है बुरा

4 अक्टूबर को प्रकाशित खबर।

दे. भास्कर 5/10/21

# नगर निगम की अव्यवस्थाओं के खिलाफ कांग्रेस का प्रभावी प्रदर्शन

प्रसारण न्यूज ◆ रतलाम

नगर निगम में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस ने एक जंगी प्रदर्शन शहीद चौक से नगर निगम के भवन तक विशाल रैली के रूप में कार्यकर्ताओं ने किया।

हल्ला बोल प्रदर्शन में कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एन एस यू आई, इंटक एवं विभिन्न प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता हाथ में तख्तियां एवं झंडे लेकर चल रहे थे। नगर निगम गेट पर कार्यकर्ताओं एवं आम जनता को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया ने निगम प्रशासन को आड़े हाथों लिया। साथ ही चेतावनी दी है कि जन हितैषी कार्यों में किसी भी प्रकार का भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुंदरीकरण के नाम पर जनता को बेरोजगार नहीं किया जाए एवं साथ में जरूरतमंदों को पट्टे एवं प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए।




कार्यक्रम को शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, पारस सकलेचा, यास्मीन शैरानी, रजनीकांत व्यास, शांतिलाल वर्मा, बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कछवाहा, मुबारिक खान, राजीव रावत, सतीश पुरोहित अरविंद सोनी, हितेश पेमल ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में जेम्स चाको, शैलेंद्र सिंह अठाना, श्रीमती अदिति दवेसर, मनसूर अली पटौदी, संजय छजेड़, सैयद बुसद, श्रीमती मीना बग्गा, नीलेश शर्मा, महिप मिश्रा, श्रीमती संगीता काकरिया, श्रीमती निशा विजय, जोएब आरिफ, सुजीत उपाध्याय सहित कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे। उत्तर प्रदेश लखीमपुर लिखी में कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका वाड्रा को किसानों के यहां जाने से रोक कर जिस प्रकार से ढंग से गिरफ्तार किया, उसकी निंदा की गई एवं राष्ट्रपति से उत्तर प्रदेश सरकार तत्काल भंग करने की मांग की गई है। कार्यक्रम के अंत में जिला प्रशासन के नाम एक ज्ञापन एसडीएम अभिषेक गहलोत को सौंपा गया।

---

**आंदोलन** | **अव्यवस्थाओं को लेकर नगर निगम को लिया आड़े हाथ**

# कांग्रेस ने रैली निकालकर किया हल्ला बोल प्रदर्शन

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नगर निगम रतलाम में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस द्वारा सोमवार को हल्ला बोल प्रदर्शन किया गया। शहर सराय शहीद चौक से नगर निगम के भवन तक रैली निकाली गई।

हल्ला बोल प्रदर्शन में कांग्रेस व उससे जुड़े सभी संगठनों के कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां, झंडे थामकर रैली में शामिल हुए। नगर निगम गेट पर कार्यकर्ताओं व आम जनता को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया ने निगम प्रशासन को आड़े हाथों लिया। साथ ही चेतावनी दी कि जनहितैषी कार्यों में किसी भी प्रकार का भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुंदरीकरण के नाम पर जनता को बेरोजगार नहीं किया जाए। जरूरतमंदों को पट्टे व प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, पारस सकलेचा, यास्मीन शेरानी शांतिलाल वर्मा, बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कछवाय, मुबारिक खान, हितेश पैमाल ने संबोधित किया। जेम्स चाको, शैलेंद्रसिंह अठाना, मंसूर अली पटोदी, संजय छाजेड़ आदि उपस्थित थे। उधर, उत्तर प्रदेश में कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा को किसानों के यहां जाने से रोककर गिरफ्तार करने की घटना की निंदा की गई। राष्ट्रपति से उत्तर प्रदेश सरकार को तत्काल भंग करने की मांग की गई। अंत में जिला प्रशासन के नाम एसडीएम अभिषेक गेहलोत को ज्ञापन सौंपा गया।




नगर निगम परिसर में प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांतिलाल भूरिया। • नईदुनिया

# निगम में व्याप्त अव्यवस्थाओं के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल प्रदर्शन, रैली निकाली




**रतलाम। नगर निगम रतलाम में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस ने प्रदर्शन करते हुए शहीद चौक से नगर निगम भवन तक रैली निकाली।**

हल्ला बोल प्रदर्शन में कांग्रेस, सेवादल ,महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, इंटक एवं विभिन्न प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता हाथ में तख्तियां एवं झंडे लेकर चल रहे थे। नगर निगम गेट पर कार्यकर्ताओं एवं आम जनता को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया ने निगम प्रशासन को आड़े हाथों लिया। साथ ही चेतावनी दी है जन हितेषी कार्यों में किसी भी प्रकार का भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुंदरीकरण के नाम पर जनता को बेरोजगार नहीं किया जाए एवं साथ में जरूरतमंदों को पट्टे एवं प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए। कार्यक्रम को शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ,पारस सकलेचा, यास्मिन शेरानी रजनीकांत व्यास, शांतिलाल वर्मा, बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कछवाहा, मुबारिक खान, राजीव रावत, सतीश पुरोहित, अरविंद सोनी, हितेश पेमल ने संबोधित किया। कार्यक्रम में जेम्स चाको, शैलेंद्रसिंह अठाना, अदिति दवेसर, मनसूर अली पटौदी, संजय छाजेड़, सैयद बुसद, मीना बग्गा, नीलेश शर्मा, महिप मिश्रा, संगीता काकरिया, निशा विजय, जोहेब आरिफ, सुजीत उपाध्याय सहित कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। अंत में जिला प्रशासन के नाम ज्ञापन एसडीएम अभिषेक गहलोत को सौंपा गया।

नवभारत 5/10/21

कांग्रेस के आंदोलन में लगे गंभीर आरोप, शहर में निकली रैली

# आरोप 'सांसद-विधायक कमीशन खाते, कलेक्टर-आयुक्त चुप है'

पत्रिका सिटी इवेंट



रतलाम @ पत्रिका. सांसद व विधायक कमीशन खाते है। कलेक्टर व आयुक्त चुप है। यह गंभीर आरोप विधायक कातिलाल भूरिया ने सोमवार को निगम की कार्यप्रणाली के खिलाफ शहर कांग्रेस के आंदोलन में लगाए हैं। हालांकि पहले आरोप लगाने के बाद विधायक भूरिया संभल गए व कहा चेतन्य काश्यप तो उद्योगपति है, सांसद जरूर पूर्व में अधिकारी थे तो काफी गड़बड़िया की है। भूरिया इसके आगे बोले याद रखना जब हमारी सरकार आएगी तब सभी को लाइन में खड़ा रखकर बड़ी जांच करवाएंगे। इसके पूर्व शहीद चौक से रैली कांग्रेस ने निकाली जो प्रमुख मार्गों से होती हुई निगम तिराहे पर सभा के रुप में बदली।

शहर में सीवरेज की समस्या, बिजली पोल पर एलइडी बंद, गड्ढों आदि के मामले में पत्रिका की निरंतर खबरों के बाद कांग्रेस ने बड़ा आंदोलन सोमवार को किया। रैली में निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी शहर के विभिन्न मार्गो पर हुई।

भूरिया ने कहा सांसद सैलाना आते है तो बैठक लेते है। हमारे विधायक हर्षविजय जब बैठक में जाते है तो बोलती बंद हो जाती है। क्योंकि उनके सामने कमीशन की बात नहीं कर सकते। सांसद हर जगह कमीशन खा रहे। शहर की सड़क के लिए एक भी रुपए अब तक नहीं दिए। जब मैं सांसद था तो वार्डो के लिए रुपए दिए थे। विधायक काश्यप बहुमान करवा रहे है। बारिश में लोगों के घर में पानी भर गया फिर भी सम्मान करवाना ठीक नहीं है।

नगर निगम तिराहे पर सभा में पूर्व महापौर पारस सकलेचा, सेवादल प्रदेश सचिव रजनीकांत व्यास, महिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष यास्मीन शेरानी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुबारिक खान सहित अन्य ने संबोधन दिया। बाद में शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने ज्ञापन का वाचन किया जो शहर अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक गेहलोत को दिया गया।

पत्रिका 5/10/21

# शहर की अव्यवस्थाओं से कांग्रेस नाराज, रैली निकाल किया प्रदर्शन

रतलाम | शहर में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को जंगी प्रदर्शन किया। शहीद चौक से लेकर नगर निगम तक रैली निकाली। प्रदर्शन में कांग्रेस, सेवादल ,महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, इंटक एवं विभिन्न प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता थे। नगर निगम गेट पर संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया ने निगम प्रशासन को आड़े हाथों लिया।

साथ ही चेतावनी दी है कि जनहितैषी कार्यों में किसी भी प्रकार का भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सौंदर्यीकरण के नाम पर जनता को बेरोजगार नहीं किया जाए एवं जरूरतमंदों को पट्टे एवं प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए! यूपी लखीमपुर खिरी में कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा को किसानों के यहां जाने से रोक कर गिरफ्तार करने की निंदा की गई एवं राष्ट्रपति से उत्तर प्रदेश सरकार भंग करने की मांग की। ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। कार्यक्रम को शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया,पारस सकलेचा, यास्मीन शेरानी रजनीकांत व्यास, शांतिलाल वर्मा, बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कछवाहा, मुबारिक खान, राजीव रावत, सतीश पुरोहित अरविंद सोनी हितेश पेमाल ने संबोधित किया। इस मौके पर शैलेंद्र सिंह अठाना अदिति दवेसर, मंसूर अली पटौदी, गोपाल चंदवाड़िया, इक्का बैलूत सहित कांग्रेस नेता मौजूद थे।



प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भूरिया।

भास्कर

दे. भास्कर 5/10/21

शारदीय नवरात्र • कोरोना गाइडलाइन प्रभावी होने से बड़े सार्वजानिक कार्यक्रम निरस्त रहेंगे, रात 11 बजे से कर्फ्यू लागू रहेगा

# प्रतिमाएं स्थापित होंगी, गरबों के लिए गाइडलाइन आज आएगी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में नवरात्रि पर्व को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। मां दुर्गा की मूर्तियों का बाजार सजने के साथ ही मूर्तियों की बुकिंग भी की जाने लगी हैं। शहर के अति प्राचीन श्री कालिका माता मंदिर में भी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। महामारी के चलते सभी सार्वजनिक कार्यक्रम निरस्त रहेंगे। गरबों को लेकर मंगलवार को गाइडलाइन आएगी। पंडालों में मां दुर्गा की मूर्तियों की स्थापना कर पूजा-अर्चना की जाएगी।

अति प्राचीन श्री कालिका माता मंदिर में नवरात्रि को लेकर तैयारियां शुरू हो गईं। यहां हर साल सुबह व रात में मंदिर परिसर क्षेत्र में आराधिकाएं गरबा रास करती हैं। पिछले साल भी परंपरा खंडित नहीं हो इसके लिए 11-11 आराधिकाओं ने गरबा रास किया था। श्री कालिका माता मंदिर ट्रस्ट के राजाराम मोतियानी ने बताया कि गरबों को लेकर शासन द्वारा अभी गाइडलाइन जारी नहीं की है। शासन की गाइडलाइन के अनुसार ही काम किया जाएगा।

**जुलूस व चल समारोह पर रहेगा प्रतिबंध** : शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि कोरोना गाइडलाइन के अनुसार शहर में किसी भी प्रकार का जुलूस व चल समारोह नहीं निकाला जाएगा। मेला भी निरस्त रहेगा। सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों पर रोक रहेगी। उन्होंने बताया कि श्री कालिकामाता का मेला भी निरस्त रहेगा।

## मूर्तियों की बुकिंग कर रहे : शहर में 50 रुपए से लेकर 8 हजार रुपए तक की प्रतिमाएं बिकने आईं



मां दुर्गा की मूर्ति का शृंगार करता हुआ कलाकार।



मां दुर्गा की मूर्ति को पसंद करती हुई महिला। मूर्तिकारों ने छोटी प्रतिमओं का भी बड़ी तादाद में किया निर्माण।

### यह दूसरा साल है जब झांकी नहीं बनाई जा रही है

शहर में टेलीफोन नगर में ही झांकी बनती है। मां कवलका ग्रुप द्वारा 28 सालों से नवरात्रि पर मां दुर्गा की आराधना की जा रही है। यह दूसरा साल है जब झांकी नहीं बनाई जा रही है। 26 सालों से यहां हर बार अलग-अलग दृश्य की झांकी बनाई गई है। पूर्व में यहां अमरनाथ, पावगढ़ माताजी, मां वैष्णवदेवी, मां बगलामुखी, तनु ड्राई माताजी, सातरूंडा माताजी, जब्रेश्वर महादेव, देवास वाली माताजी की टेकरी सहित कई प्रकार की झांकियां बनाई गईं। ग्रुप के भरत राठौड़ ने बताया कि 60 बाय 60 के पंडाल में 7 फीट की मां दुर्गा की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। यह दूसरा साल है जब झांकी नहीं बनाई जा रही है। इस बार आकर्षक विद्युत सज्जा की जाएगी। शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार ही सारे काम किए जाएंगे। चंद्रप्रकाश पुरोहित, जयस चावड़ा, रितिक राठौड़, किशोर सिंह चौहान सहित ग्रुप के सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं।

### हिंदू जागरण मंच की हुई बैठक

बरबड़ रोड स्थित मांगलिक भवन में हिंदू जागरण मंच की जिला बैठक हुई। दायित्ववान व प्रमुख कार्यकर्ता परिवार में संपर्क कर शक्तिपूजन के लिए प्रेरित करने की चर्चा की गई। बैठक में इकाइयों के नवीन दायित्वों की घोषणा की गई। हिंदू जागरण मंच जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख कुलदीप माहेश्वरी ने बताया कि बैठक में प्रांत मंत्री अनुराधा तिवारी, विभाग संयोजक, जिला पदाधिकारी, थाना इकाइयों के दायित्ववान पदाधिकारी, व प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गरबों को लेकर निर्देश नहीं मिले हैं

वर्तमान समय में कोरोना की गाइडलाइन प्रभावशील है। जिस तरह गणेश पूजन में छूट दी गई थी उसी तरह नवरात्रि में छूट रहेगी। गरबों के बारे में अभी निर्देश नहीं मिले हैं। इस कारण गरबों पर रोक रहेगी। आगामी दिनों में जो निर्देश मिलेंगे उसी अनुसार छूट दी जाएगी। परंपरागत तरीके से सभी शांतिपूर्वक पर्व मनाएं। रात 11 बजे से कर्फ्यू जारी रहेगा जिसे सख्ती से पालन करवाया जाएगा।

कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर

दै.भास्कर 5/10/21

### आने वाले त्योहार कोरोना गाइड लाइन के अनुसार ही मनेंगे

# गरबे नहीं होंगे और न ही निकलेंगे धार्मिक सामाजिक चल समारोह, मेला भी प्रतिबंधित

## शांति समिति की बैठक में सदस्यों ने गरबा आयोजन के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया

रतलाम ● स्वदेश समाचार

नवरात्रि सहित आने वाले त्योहारों के संबंध में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सदस्यों ने आग्रह किया कि नवरात्रि में गरबों का आयोजन परम्परागत रूप से होना चाहिए, जिसमें कोविड की गाइड लाइन का पूरा-पूरा पालन करवाया जाए। कलेक्टर कुमार पुरुषोतम तथा पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने सदस्यों के सुझाव पर कहा कि शासन के निर्देशानुसार ही नवरात्रि व अन्य त्योहारों का आयोजन होना है। सदस्यों की भावना से शासन को अवगत करवा दिया जाएगा। यदि कोई दिशा-निर्देश मिलते है तो प्रशासन को परम्परा को कायम रखने में कोई आपत्ति नहीं होगी, फिलहाल कालिका माता परिसर में गत व्रर्ष के अनुसार ही अल्प समय के लिए हवन-कुण्ड के आसपास 10 सदस्यीय संख्या के साथ गरबे हो सकेंगे। आयोजन स्थल को 8 फीट की कनात से कवर करना होगा, जिसका समय रात्रि 7 से 8 बजे तक किया गया है तथा आरती 8 बजे की जाए। बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोतम ने बताया कि नवरात्रि पर्व पर कालिका माता मैदान पर नगर निगम द्वारा आयोजित मेले का आयोजन कोरोना वायरस की संक्रमण फैलने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए निरस्त किया गया है। इस दौरान सभी धार्मिक पूजा-स्थल खुल सकेंगे, किन्तु छह से अधिक व्यक्ति उपस्थित नहीं रहेंगे, जिनके लिए प्रोटोकाल का पालन बंधनकारी होगा।



### दशहरे के लिए गाइड लाइन का इंतजार

बैठक में बताया कि शासन की गाइड लाइन के आने पर दशहरा पर्व की व्यवस्था की जाएगी। शरद पूर्णिमा पर्व, मिलाद-उन-नबी पर्व, दीपावली, गुरुनानक जयंती, क्रिसमस पर्व सहित आने वाले पर्वों के संबंध में भी बैठक में चर्चा की गई।

### कुबेर की पोटली प्रतिबंधित

3 नवंबर को धनतेरस पर्व पर माणकचौक स्थित महालक्ष्मी मंदिर पर पुजारी द्वारा कुबेर की पोटली का वितरण आमजन को किया जाता है वह पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। दीपावली पर्व पर आतिशबाजी व्यवसाय के लिए अस्थायी तौर पर लगने वाली दुकानें निर्धारित अवधि के लिए लगाई जाए।

### मिट्टी से निर्मित प्रतिमाओं का उपयोग

कोविड संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए भी धार्मिक, सामाजिक आयोजन के लिए चल समारोह का अनुमति नहीं होगी। प्रतिमा व विसर्जन के लिए भी चल समारोह नहीं निकलेगा। इसके लिए संख्या निर्धारि ⁓ गई है। राज्य शासन के दिशा-निर्देश के अनुसार सामाजिक दूरी कायम रखना होगी तथा मंदिर परिसर में पृथक से गोले लगवाए जाए तथा महिला-पुरूष की अलग-अलग लाईने लगवाई जाए। प्रतिमा स्थापना के लिए दिशा-निर्देश दिए गए तथा अनुमति के लिए की गई व्यवस्था की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि प्लास्टर ऑफ पेरिस की नवदुर्गा प्रतिमा के स्थान पर मिट्टी से निर्मित की गई छोटी मूर्तियों का उपयोग किया जाए।

स्वदेश

### अतिरिक्त पुलिस बल तैनात होगा

प्रतिमा स्थापना स्थल पर पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था, इमरजेंसी लाइट, जनरेटर की व्यवस्था की जाए, साथ ही बिजली का कनेक्शन अनिवार्य रूप से लिया जाए। 6 अक्टूबर अमावस्या की रात्रि को राजपुरा माताजी में ज्योत के लिए पैदल जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए है। प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्था भी पूर्वानुसार ही की जाएगी। श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए अतरिक्त महिला पुलिस बल की व्यवस्था भी किए जाने के निर्देश दिए गए है।

### यह थे उपस्थित

बैठक में अपर कलेक्टर मोहनलाल आर्य, ,एसडीएम अभिषेक गेहलोत ,निगमायुक्त सोमनाथ झारिया सहित अधिकारीगण, पुलिस अधिकारी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह लुनेरा, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पत्रकार शरद जोशी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष झमक भरगट, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक चौटाला, प्रदीप उपाध्याय, समाजसेवी महेन्द्र गादिया, बाबूलाल राठी, इमरान खोकर, मधु पटेल, सीमा टांक, वीरेन्द्र वाफगांवकर, पवन सोमानी सहित सदस्यगण उपस्थित थे।

स्वदेश 5/10/21

## बड़ा सवाल : नवरात्र में रात का कर्फ्यू क्यों, जिले के लोगों ने पूछा क्या कोरोना रात को आएगा

जिला प्रशासन के नवरात्र सहित अन्य त्योहार को देखते हुए रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक कर्फ्यू का आदेश का विरोध शुरू हो गया है। विद्यार्थी हो या राजनीतिज्ञ या फिर आमजन, सभी ने इसे आस्था पर प्रहार बताया है। अभिभावक ने तो सवाल उठा दिया है कि जब उपचुनाव हो सकते है, शहर में रैली निकल सकती है, तो रात में माता मंदिर के दर्शन की अनुमती क्यों नहीं हो सकती है।

### इनको रात्रि का मतलब नहीं पता



नवरात्रि पर्व ही रात में माता की आस्था प्रकट करने का पर्व है। जिन्होंने यह निर्णय थोपा है, इसका विरोध है। शायद अधिकारियों को नवरात्र का अर्थ नहीं पता है। इस निर्णय को तुरंत वापस लेना चाहिए।

**- कांता तिवारी,** रेल कर्मचारी

### ईश्वर इनको सदबुद्धि दे



जिन्होंने बंद कमरे में बैठकर इस निर्णय को जारी किया है, ईश्वर उनको सदबुद्धि दे। शक्ति की आराधना रात मे ही होती है। अगर शक्ति नाराज हो गई तो क्या होगा, इसको समझना जरूरी है। इनकी रोक से कुछ नहीं होगा, सभी पर्व को उत्साह से मनाए। -

**अनिता कटारिया,** भाजपा प्रदेश सहसंयोजक झुग्गी प्रकोष्ठ

### जब परेड नहीं रोकी तो यह क्यों



जब कोरोना के दौरान गणतंत्र दिवस की परेड नहीं रुकी तो फिर पर्व पर सरकारी फरमान क्यों। जब हम कभी नहीं कहते प्रशासन कैसे चलाना तो यह हमको त्यौहार कैसे मनाना यह क्यों बताते है। **- अंजू सूर्यवंशी,** गणतंत्र दिवस की परेड करने वाली छात्रा, पंचेड़

### कानून के खिलाफ है आदेश



जिस कोरोना के नाम पर रात का कर्फ्यू लगाया गया है, अधिकारी यह सिद्ध करें वो रात में सिर्फ 11 बजे से सुबह 6 बजे तक विचरण करेगा। अनेक आयोजन हो रहे है तो जबरन रात का कर्फ्यू लगाना ही गलत है। संविधान में जो मौलिक अधिकार दिए गए है, यह आदेश उसके विपरीत है। **- राकेश शर्मा,** अभिभावक

### पर्व तो मनेगा चाहे जो हो



कोई जैसी भी रोक लगाए, पर्व तो मनेगा। शहर हो या जिला, क्या माता की भक्ति भी अब घड़ी देखकर अधिकारियों के कहने पर करेंगे। अगर पूजन का मुहूर्त रात एक बजे का है तो क्या अपनी वर्षो की आस्था को त्याग दे। जिन्होंने यह आदेश जारी किया है, उनको पर्व की समझ का अभाव साफ दिखता है।

**- सीमा भारद्वाज,** अध्यक्ष लायंस क्लब अमिभा

### हमारा मौलिक अधिकार है



संविधान में धार्मिक स्वतंत्रता हमारा मौलिक अधिकार है। इसको रोकने का अधिकार किसी को नहीं है। पर्व मनेगा व पूरे उत्साह से मनेगा। जिसमे दम है रोककर दिखाए, फिर रतलाम सड़क पर उतर कर जवाब देगा। लोगों की आस्था पर नियमों की बंदिशें लगाने से स्थिति विकट हो सकती है।

**- शिवानी सोलंकी,** पेडगर्ल

पत्रिका

### दम है तो रोककर बताए



नवरात्रि में अनेक लोग रात्रि में एकांत में भक्ति करते है। ऐसे लोग जब रात को जाएंगे तो क्या पुलिस इनको पकड़ेगी। ऐसा होगा तो बाबा साहब द्वारा बनाए संविधान में धार्मिक स्वतंत्रता अधिकार हनन प्रशासन करेगा। दम है तो अधिकारी पर्व रात 11 बजे बाद मनन्रे से रोककर बताए, फिर युवा मोर्चा ताकत बताएगा।

**- सोनू यादव,** जिलाध्यक्ष, भाजयुमो

### रात के कर्फ्यू की आवश्यकता नहीं



जिस तरह से प्रतिबंध के बाद भी गणेश उत्सव पर्व मनाया गया, उसी तरह नवरात्र पर्व भी मनाया जाएगा। रात के कर्फ्यू के निर्णय को वापस लेने के लिए चर्चा की जाएगी। मेरे विवेक अनुसार रात का कर्फ्यू की जरुरत नहीं है। धार्मिक आयोजनों पर बंदिशें लगाना गलत है।

**- राजेंद्रसिंह लुनेरा,** भाजपा जिलाध्यक्ष

पत्रिका 5/10/21

## निगमायुक्त ने बताया पशु वापस आ रहे हैं

बैठक में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने कलेक्टर को बताया कि नगर निगम द्वारा शहर से पकड़े गए पशुओं को शहर के बाहर की गौशालाओं में रखा गया परंतु विगत दिनों से बड़ी संख्या में शहर में वे पशु देखने में आ रहे हैं। इस पर कलेक्टर द्वारा उप संचालक पशु चिकित्सा को समन्वय करने के निर्देश दिए गए, साथ ही बताया गया कि बड़ौदा ग्राम की गौशाला में पर्याप्त जगह है वहां पर नगर निगम पशुओं को रखवाएं।

## श्वानों की भरमार ?

कलेक्टर ने निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि शहर में श्वानों की भरमार को देखते हुए समस्या के निदान के लिए योजना बनाएं। डॉग बाइट के मामले में हम प्रदेश में दूसरे नंबर पर हैं यह बहुत चिंतनीय है।

## अलकापुरी चौराहे पर शहीद बिरसा मुंडा की प्रतिमा

कलेक्टर ने निगमायुक्त को निर्देशित किया कि शहर के अलकापुरी चौराहे पर शहीद बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने की मांग आई है। इस संबंध में पत्र शासन को प्रेषित करें ताकि आगामी कार्रवाई हो सके। बैठक में अपर कलेक्टर एमएल आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, डीएफओ श्री डुडवे, एसडीएम अभिषेक गहलोत, जिला योजना अधिकारी बालकृष्ण पाटीदार, जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक आदि उपस्थित थे।

स्वदेश

स्वदेश 5/10/21

## खुले में गंदगी करने पर वसूला जुर्माना

रतलाम। खुले में गंदगी करने पर राजेश, अजय स्टेशन रोड से 500-500 रुपये व अफसार पावर हाउस रोड सेर 100 रुपये का जुर्माना वसूला गया। सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश भी दी गई। नई.

नईदुनिया 5/10/21

## खुले में गंदगी करने पर 3 व्यक्तियों पर जुर्माना

प्रसारण

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते हैं, उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत 3 अक्टूबर सोमवार को खुले में गंदगी करने वाले 3 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर राजेश, अजय स्टेशन रोड पर 500-500 व अफसार पावर हाउस रोड पर 100 रूपए का जुर्माना कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी गई।

प्रसारण 5/10/21

## नगर निगम इंजीनियर के प्रति नाराजगी

कलेक्टर ने नगर निगम के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि माफिया के विरुद्ध कार्रवाई में इमानदारी से कार्य को अंजाम नहीं दिया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि विगत दिनों शहर में दो कॉलोनियों से अतिक्रमण हटाकर भूमि मुक्त कराई गई परंतु तीसरी कॉलोनी में कार्रवाई नहीं की गई। वहां सेटिंग की शिकायत प्राप्त हुई है। सूचना में बताया गया है कि नगर निगम के इंजीनियर द्वारा कॉलोनाइजर से सेटिंग करके कॉलोनी को टूटने से बचा लिया गया। निगमायुक्त को सख्ती से निर्देशित किया गया कि उक्त प्रकार के इंजीनियरों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाए। समीक्षा के दौरान नामली तहसीलदार श्रीमती अनीता चौकोटिया ने बताया कि नामली शहर में करीब 15 कॉलोनियां चिन्हित की गई है जिनके विरुद्ध कार्रवाई की जाना है। कलेक्टर ने कहा कि सभी के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। स्वदेश

स्वदेश 5/10/21

## नगर निगम की समीक्षा बैठक कल

पत्रिका

रतलाम. कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम द्वारा आगामी 6 अक्टूबर को नगर निगम की समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी। सभी कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उपयंत्री तथा स्वच्छता के झोन प्रभारी, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, सहायक आयुक्त, सम्पत्तिकर, सिविक सेंटर की समस्त परिसम्पत्तियों की जानकारी के साथ उपस्थित रहेंगे।

पत्रिका 5/10/21

## अतिक्रमण करने पर 4 व्यक्तियों पर जुर्माना, 22 हजार की राशि वसूली

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत कई अस्थाई अतिक्रमण करने वाले 4 व्यक्तियों पर जुर्माना कर 22 हजार की राशि वसूल की। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अस्थाई अतिक्रमण करने पर रामेश्वर बरबड़ रोड पर 15000, महिपाल चौहान सन सिटी के सामने पर 5000, शर्मा वेल्डिंग गीता मंदिर रोड व भीम सिंह लोकेन्द्र टॉकिज रोड पर 2000-2000 रुपए का जुर्माना कर भविष्य में अतिक्रमण ना करने की समझाइश दी गई।

**पत्रिका ने** समाचार प्रकाशित कर जिम्मेदारों का ध्यान आकर्षित किया था

# यह ठीक नहीं : डॉग बाइट में प्रदेश में रतलाम का नंबर दूसरा


एक साल में 9 हजार से अधिक लोग हुए डॉग बाइट के शिकार

किसी की जान पर भारी न पड़ जाए जिम्मेदारों की लापरवाही

पत्रिका में प्रकाशित



## पशुओं को छोड़ा जा रहा है

निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने कलेक्टर को बताया कि नगर निगम द्वारा शहर से पकड़े गए पशुओं को शहर के बाहर की गौशालाओं में रखा गया था लेकिन देखने में आ रहा है कि गौशालाओं द्वारा वापस से पशुओं को छोड़ा जा रहा है। कलेक्टर द्वारा उप संचालक पशु चिकित्सा को समन्वय करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बताया गया कि बड़ौदा ग्राम की गौशाला में पर्याप्त जगह है, वहां पर नगर निगम पशुओं को रखवाए।

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** जिले में डॉग बाइट के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इसके पीछे कारण शहर में तेजी से बढ़ती श्वानों की संख्या है। वर्तमान में शहर का शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र होगा जहां पर श्वानों का झुंड नजर न आता हो। श्वानों की बढ़ती संख्या के साथ ही इनके हमले भी लगातार बढ़ रहे हैं, जिसके चलते रतलाम पूरे प्रदेश में डॉग बाइट के मामले में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। शहर में श्वानों के झुंड किस तरह से घूमते हैं, यह पत्रिका द्वारा सोमवार के अंक में प्रकाशित समाचार 'किसी की जान पर भारी न पड़ जाए जिम्मेदारों की लापरवाही' के माध्यम से बताया था।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने इस संबंध में सोमवार को आयोजित बैठक में नगर निगम के जिम्मेदारों से कहा कि यह बहुत चिंता का विषय है। कलेक्टर ने निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि शहर में श्वानों की भरमार को देखते हुए समस्या के निदान के लिए योजना बनाएं। डॉग बाइट के मामले में हम प्रदेश में दूसरे नंबर पर हैं, यह बहुत चिंतनीय है।

डॉग बाइट के बढ़ते मामले में ओर श्वानों की बढ़ती संख्या से इस तरह के श्वानों के झुंड हर तरफ नजर आते हैं। इतना ही नहीं सूनसान राहों पर यह अकेले जा रहे वाहन चालक के पीछे दौड़ पड़ते हैं। ऐसे में इस बात का हमें विशेष रूप से ध्यान रखना होगा कि हम हमारे बच्चों और बुर्जुगों को अकेले घर के बाहर नहीं निकलने दें। पत्रिका

पत्रिका 5/10/21

स्वास्थ्य विभाग का प्रभार दिया, कलेक्टर आयुक्त से बोले, इंजीनियर सेटिंग करते है

# कॉलोनाइजर को बचाने पर निगम सिटी इंजीनियर को हटाया

फॉलोअप



पत्रिका

प्रकाशित खबर।



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में अवैध कॉलोनियों के होने व उपयत्रियों पर कार्रवाई नही होने सहित तीन में से दो पर कार्रवाई करने, एक को सैटिंग करके बचाने के आरोप में नगर निगम के सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल को पद से हटा दिया गया है। उनको स्वास्थ्य विभाग का प्रभार दिया है। यह कार्रवाई कलेक्टर व निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने सोमवार को की है।

शहर में 19 अवैध कॉलोनियों की सूची निगम ने कार्रवाई के लिए बनाई थी। इसमे से दो पर तो कार्रवाई की, लेकिन आरोप लगे की एक कॉलोनी को सिटी इंजीनियर जायसवाल ने सैटिंग करके बचा लिया। जानकारी कलेक्टर को मिली तो उन्होंने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को तलब किया व साफ लहजे में कहा कि उपयत्रियों के साथ मिलकर सिटी इंजीनियर सेटिंग करते है।

## नगर निगम इंजीनियर के प्रति नाराजगी

निगम आयुक्त झारिया को बुलाकर की गई बैठक में कलेक्टर कुमार ने नगर निगम के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि माफिया के विरुद्ध कार्यवाही में ईमानदारी से कार्य को अंजाम नहीं दिया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि विगत दिनों शहर में दो कालोनियों से अतिक्रमण हटाकर भूमि मुक्त कराई गई परंतु तीसरी कॉलोनी में कार्रवाई नहीं की गई। निगमायुक्त को सख्ती से कहा कि इस प्रकार के इंजीनियरों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाए। इसके बाद ही जायसवाल को पद से हटा दिया गया।

शहर में रचना गृह निर्माण समिति, महेश नगर, कोमल नगर, भवानी नगर, गणेश नगर, सौभाग्य नगर, निराला नगर, शिव नगर, प्रोफेसर कॉलोनी में अब भी लगातार प्लॉट की बिक्री व अवैध निर्माण कार्य जारी है। इन अवैध कॉलोनियों में अब तक न तो पक्की सड़क ८ नहीं बिजली से लेकर पेयजल की सुविधा है। जब इन कॉलोनियों का निर्माण हुआ तब से लेकर अब तक अवैध कॉलोनियों में निर्माण कार्य जारी है, लेकिन निगम के क्षेत्र उपयंत्री एक भी रिपोर्ट नहीं दे रहे है।

## शाम को कार्य विभाज

कलेक्टर के आदेश जायसवाल को सिटी इंजीनियर प हटाने के बाद नए सीरे से विभाजन किया गया है। अब प्र सिटी इंजीनियर हनीफ शेख होंगे। तक यह जलकार्य विभाग देख र अब शेख के पास सिटी इंजी जलविभागव कर्मशाला विभाग र इनके अलावा जायसवाल स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधि का कार्य सौपा गया है, इसके अ इनके पास नेहरू स्टेडियम, म स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, 10 करोड़ कीमत का प्रस्तावित फूड जो जिम्मेदारी रहेगी। जबकि क सेल सहित अमृत योजना, मिनी सिटी, सिटी ट्रांसपोर्ट अन्य प्रभारी कार्यपालन यंत्री सु व्यास के पास रहेंगे।

पत्रिका 5/10/21

**मीटिंग** • कृषि उपसंचालक को चेताया- आप सेटिंग से ज्यादा कीमत पर यूरिया मत बिकवा देना, फूड इंस्पेक्टर को कहा- दुकानदार से सेटिंग मत करना

# अधिकारियों की सेटिंग पर सख्त कलेक्टर... निगम इंजीनियर पर कॉलोनाइजर से सेटिंग का आरोप, दो कॉलोनी पर की कार्रवाई, तीसरी को टूटने से बचाया

भास्कर संवाददाता | रतलाम

उसकी अधिकारियों से सीधी सेटिंग है... सब सेट हो जाएगा। आम बोलचाल में आप इन शब्दों को कहीं ना कहीं सुनते ही रहते होंगे। लेकिन सोमवार को कलेक्टोरेट में अधिकारियों की मीटिंग ही सेटिंग पर फोकस थी। मामलों में सेटिंग होने की बातों पर कलेक्टर की सख्त नाराजगी सामने आई है। नगर निगम इंजीनियर पर कॉलोनाइजर से सेटिंग की शिकायत मिलने पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम खासे नाराज हुए। वहीं कृषि उपसंचालक और फूड व ड्रग इंस्पेक्टर को भी स्पष्ट लहजे में कलेक्टर ने चेता दिया। कलेक्टर के सख्त रवैये और खुलकर अधिकारियों को दी गई चेतावनी का असर देखने की उम्मीद कर सकते हैं।

कलेक्टर नगर निगम को लेकर सख्त नाराज हुए। कलेक्टर ने कहा कि माफिया के विरुद्ध कार्रवाई में ईमानदारी से काम को अंजाम नहीं दिया जा रहा है। पिछले दिनों शहर में दो कॉलोनियों से अतिक्रमण हटाकर भूमि मुक्त कराई गई लेकिन तीसरी कॉलोनी में कार्रवाई नहीं की गई। वहां सेटिंग की शिकायत मिली है। जिसमें बताया है कि नगर निगम के इंजीनियर ने कॉलोनाइजर से सेटिंग कर कॉलोनी को टूटने से बचा लिया गया। निगमायुक्त को सख्ती से कहा है कि इस तरह के इंजीनियरों पर कार्रवाई करें। फूड इंस्पेक्टर को भी चेताया।

## उपसंचालक को कहा - आपकी सबसे ज्यादा शिकायतें

उप संचालक कृषि को कहा कि यूरिया की कालाबाजारी नहीं होना चाहिए। यदि जिले में किसी ने निर्धारित से ज्यादा मूल्य पर यूरिया बेचा तो उसके विरुद्ध रासुका लगाई जाएगी। कृषि उप-संचालक पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने कहा कि आपके विरुद्ध सबसे ज्यादा शिकायतें आ रही हैं। यह ध्यान रहे कि आप ही सेटिंग करके ज्यादा कीमत में यूरिया नहीं बिकवाएं, अब यदि आगे और शिकायतें आईं तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## मसाला उद्योग पर कार्रवाई नहीं, मिलावट की सूचना मिली

समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने फूड एंड ड्रग इंस्पेक्टर के काम पर भी नाराजगी जताई। कलेक्टर ने कहा कि अभी तक किसी मसाला उद्योग पर कार्रवाई नहीं की जबकि वहां से मिलावट की सूचनाएं मिल रही हैं। जिले के बाजना-सैलाना क्षेत्रों में भी नमूने लेने का काम ड्रग इंस्पेक्टर ने नहीं किया। अब पूरे सप्ताह में सभी फूड एंड ड्रग इंस्पेक्टर सैलाना-बाजना-रावटी क्षेत्रों में भ्रमण करके नमूने लेंगे व एफआईआर करवाएंगे। कलेक्टर ने यह भी कहा कि किसी भी दुकानदार से सेटिंग नहीं करना, वरना आप के विरुद्ध भोपाल रिपोर्ट भेज दी जाएगी।

## यह भी रहा खास... डॉग बाइट में हम प्रदेश में दूसरे नंबर पर

- पटवारी सोमवार व गुरुवार को सुबह 10.30 से शाम 5.30 बजे तक मुख्यालय पर अनिवार्य रूप से मिलेंगे ताकि आमजन को परेशानी ना हो।
- अलकापुरी चौराहे पर शहीद बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने की मांग मिली, आगामी कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजेंगे।
- सैलाना और बाजना के उप स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण के लिए सीएमएचओ को कहा।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के महाप्रबंधक को भी सड़कों की गुणवत्ता देखने का कहा।
- बड़ौदा ग्राम की गोशाला में पर्याप्त जगह है, वहां पर नगर निगम पशुओं को रखवाए।
- कुत्तों की भरमार को देख समस्या के निदान के लिए योजना बनाएं। डॉग बाइट के मामले में हम प्रदेश में दूसरे नंबर पर हैं यह चिंतनीय है।

दै. भास्कर 5/10/21

# सेटिंग की शिकायत पर सिटी इंजीनियर को हटाय

## टीएल बैठक : मामला तीसरी कालोनी में कार्रवाई नहीं करने का, कलेक्टर ने जताई नाराजगी

रतलाम। समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हुई। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नगर निगम के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि माफिया के विरुद्ध कार्रवाई में ईमानदारी से कार्य को अंजाम नहीं दिया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि गत दिनों शहर में दो कालोनियों से अतिक्रमण हटाकर भूमि मुक्त कराई गई, परंतु तीसरी कालोनी में कार्रवाई नहीं की गई। वहां सेटिंग की शिकायत मिली है। सूचना में बताया गया कि नगर निगम के इंजीनियर द्वारा कालोनाइजर से सेटिंग करके कालोनी को टूटने से बचा लिया गया। निगमायुक्त को सख्ती से निर्देशित किया गया कि उक्त प्रकार के इंजीनियरों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाए। कलेक्टर के निर्देश के बाद आयुक्त ने सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह को कार्य में लापरवाही बरतने व निरंतर शिकायतें प्राप्त होने पर पद से हटा दिया। जायसवाल को प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी व सिंह को जोन क्रमांक-दो का प्रभारी नियुक्त किया गया है। समीक्षा के दौरान नामली तहसीलदार अनीता चौकोटिया ने बताया कि नामली में करीब 15 कालोनियां चि-ित की गई है, जिनके विरुद्ध कार्रवाई की जाना है। कलेक्टर ने कहा कि सभी के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें।



कलेक्टोरेट मे बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। • नईदुनिया

### ज्यादा मूल्य पर यूरिया बेचने पर लगेगी रासुका

कृषि विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने उपसंचालक कृषि को निर्देश दिए कि यूरिया की कालाबाजारी नहीं हो यह सुनिश्चित किया जाए। यदि जिले में किसी ने निर्धारित से ज्यादा मूल्य पर यूरिया बेचा तो उसके विरुद्ध रासुका लगाया जाएगा। उपसंचालक के विरुद्ध नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने कहा कि आपके विरुद्ध सबसे ज्यादा शिकायतें आ रही हैं। अपर कलेक्टर एमएल आर्य, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, डीएफओ डीएस डोडवे, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, जिला योजना अधिकारी बालकृष्ण पाटीदार, जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी एसएच चौधरी, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक आदि उपस्थित थे।

### फूड एंड ड्रग इंस्पेक्टर्स के विरुद्ध भारी नाराजगी

बैठक में कलेक्टर ने फूड एंड ड्रग इंस्पेक्टर की कार्यप्रणाली के विरुद्ध भी नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने कहा कि आप लोगों का काम दिखाई नहीं दे रहा है। अभी तक किसी मसाला उद्योग के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई, जबकि वहां से मिलावट की सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं। जिले के बाजना-सैलाना क्षेत्रों में भी नमूने लेने का कार्य ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा नहीं किया गया है। अब पूरे सप्ताह में सभी फूड एंड ड्रग इंस्पेक्टर सैलाना-बाजना-रावटी क्षेत्रों में भ्रमण करके नमूने लेंगे। एफआइआर करवाएंगे। पलसोड़ा ग्राम पंचायत सरपंच के विरुद्ध की जा रही जांच को 15 दिन की अवधि में पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर ने डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले को दिए।

### पटवारी सोमवार-गुरुवार को मुख्यालय पर अनिवार्यत : मिलेंगे

कलेक्टर ने शासन के निर्देश अनुसार बैठक में निर्देशित किया कि जिले में सभी पटवारी अपने मुख्यालय पर सोमवार व गुरुवार को अनिवार्य रूप से आमजन के लिए उपलब्ध रहेंगे। पटवारियों के ग्राम पंचायत मुख्यालय पर बैठक का समय प्रात: 10:30 से शाम 5:30 बजे तक का रहेगा। इसमें वे आमजन के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### अलकापुरी चौराहे पर शहीद बिरसा मुंडा की प्रतिमा

कलेक्टर ने निगमायुक्त को निर्देशित किया कि शहर के अलकापुरी चौराहे पर शहीद बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने की मांग आई है। इस संबंध में पत्र शासन को प्रेषित करें, ताकि आगामी कार्रवाई हो सके।

### वनाधिकार पट्टा धारकों की एंट्री में देरी से नाराजगी

जिले में वनाधिकार अधिनियम के तहत लाभान्वित पट्टा धारक आदिवासी किसानों को शासन की योजनाओं में लाभ देने के लिए कलेक्टर द्वारा उनकी व्यक्तिगत प्रोफाइल कंप्यूटर सिस्टम पर बनवाई जा रही है। इसके लिए डाटा एंट्री की जाना है, परंतु सैलाना तथा बाजना के जनपद सीईओ द्वारा उक्त कार्य में अनावश्यक रूप से विलंब किया जा रहा है। इस बात को लेकर कलेक्टर ने दोनों अधिकारियों के विरुद्ध नाराजगी जताई।

### सीएमएचओ को सैलाना बाजना क्षेत्रों का भ्रमण करने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए उपस्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण हेतु निर्देशित किया। सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे सैलाना-बाजना क्षेत्रों का इसी सप्ताह भ्रमण करेंगे। बैठक में जिला परियोजना समन्वयक एमएल सासरी को भी फील्ड विजिट करने निर्देश दिए।

नईदुनिया 5/10/21

### समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में शिकायत मिलने पर नगर निगम अधिकारियों से कलेक्टर बोले...

# दो कॉलोनी पर कार्रवाई, तीसरी पर क्यों नहीं हुई? इंजीनियर ने कर ली सेटिंग!

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

सोमवार को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने नगर निगम के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि माफिया के विरुद्ध कार्यवाही में ईमानदारी से कार्य को अंजाम नहीं दिया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि विगत दिनों शहर में दो कालोनियों से अतिक्रमण हटाकर भूमि मुक्त कराई गई परंतु तीसरी कॉलोनी में कार्रवाई क्यो नही की गई। वहां सेटिंग की शिकायत प्राप्त हुई है। सूचना में बताया गया है कि नगर निगम के इंजीनियर द्वारा कॉलोनाइजर से सेटिंग करके कॉलोनी को टूटने से बचा लिया गया।

निगमायुक्त को सख्ती से निर्देशित किया गया कि उक्त प्रकार के इंजीनियरों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाए। समीक्षा के दौरान नामली तहसीलदार श्रीमती अनीता चौकोटिया ने बताया कि नामली शहर में करीब 15 कॉलोनियां चिन्हित की गई है जिनके विरुद्ध कार्रवाई की जाना है। कलेक्टर ने कहा कि सभी के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें।



**फूड एंड ड्रग इंस्पेक्टर्स के विरुद्ध भारी नाराजगी:** समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर द्वारा फूड एंड ड्रग इंस्पेक्टर की कार्यप्रणाली के विरुद्ध भारी नाराजगी व्यक्त की गई। कलेक्टर ने कहा कि आप लोगों का काम दिखाई नहीं दे रहा है, अभी तक किसी मसाला उद्योग के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई जबकि वहां से मिलावट की सूचनाएं प्राप्त हो रही है। जिले के बाजना-सैलाना क्षेत्रों में भी नमूने लेने का कार्य ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा नहीं किया गया है। अब पूरे सप्ताह में सभी फूड एंड ड्रग इंस्पेक्टर सैलाना-बाजना-रावटी क्षेत्रों में भ्रमण करके नमूने लेंगे, एफआईआर करवाएंगे। कलेक्टर ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी दुकानदार से सेटिंग नहीं करना अन्यथा आप के विरुद्ध भोपाल रिपोर्ट भेज दी जाएगी। अपर कलेक्टर श्री एमएल आर्य को भी निर्देश दिए कि वह नियमित रूप से फूड एंड ड्रग इंस्पेक्टर की बैठक लेकर मानिटरिंग करें, गंभीर किस्म की मिलावट के सैंपल कलेक्टर के हस्ताक्षर के साथ भोपाल प्रयोगशाला को भेजे जाए। बैठक में पलसोडा ग्राम पंचायत सरपंच के विरुद्ध की जा रही जांच को 15 दिन की अवधि में पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले को दिए गए। सुनिश्चित करने को कहा कि वास्तविक जांच हो।

२१५

**पटवारी सोमवार-गुरुवार को अपने मुख्यालय पर रहे:** कलेक्टर ने शासन के निर्देश अनुसार बैठक में निर्देशित किया कि जिले में सभी पटवारी अपने मुख्यालय पर सोमवार तथा गुरुवार को अनिवार्य रूप से आमजन के लिए उपलब्ध रहेंगे ताकि आम जनता को परेशानी नहीं हो और उनका काम हो जाए। पटवारियों के ग्राम पंचायत मुख्यालय पर बैठक का समय प्रातः 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक का रहेगा, जिसमें वे आमजन के लिए उपलब्ध रहेंगे अन्यथा की स्थिति में बगैर किसी लाग लपेट के पटवारी के विरुद्ध कार्रवाई कर दी जाएगी। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे इन दिनों कोई बैठक नहीं रखें और रिपोर्ट करें।

### सीएमएचओ को सैलाना बाजना क्षेत्रों का भ्रमण करने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ करने के लिए उप स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण हेतु निर्देशित किया गया। सीएमएचओ श्री ननावरे सैलाना-बाजना क्षेत्रों का इसी सप्ताह भ्रमण करेंगें। बैठक में जिला परियोजना समन्वयक एमएल सासरी को भी फील्ड विजिट करने के निर्देश दिए। वे स्कूलों में जाएं और निरीक्षण करें, रिपोर्ट प्रस्तुत करें। प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के महाप्रबंधक श्री तोमर को भी स?कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### निगमायुक्त ने बताया पशु वापस आ रहे हैं

बैठक में निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कलेक्टर को बताया कि नगर निगम द्वारा शहर से पकडे गए पशुओं को शहर के बाहर की गौशालाओं में रखा गया परंतु देखने में आ रहा है कि गौशालाओं द्वारा वापस से पशुओं को छोडा जा रहा है। विगत दिनों से बडी संख्या में शहर में वे पशु देखने में आ रहे हैं। इस पर कलेक्टर द्वारा उप संचालक पशु चिकित्सा को समन्वय करने के निर्देश दिए गए साथ ही बताया गया कि बडौदा ग्राम की गौशाला में पर्याप्त जगह है वहां पर नगर निगम पशुओं को रखवाए। कलेक्टर ने निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि शहर में कुत्तों की भरमार को देखते हुए समस्या के निदान के लिए योजना बनाएं। डॉग बाइट के मामले में हम प्रदेश में दूसरे नंबर पर हैं यह बहुत चिंतनीय है।

# कलेक्टर की नाराजगी का असर : बैठक के तत्काल बाद नगर निगम आयुक्त ने बदले सारे इंजीनियरों के दायित्व

भास्कर संवाददाता | रतलाम

लगातार शिकायतें मिलने पर सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल के साथ ही निगम के अन्य अफसरों पर भी कार्रवाई की गई है और उनके दायित्व बदल दिए हैं।

कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने इंजीनियरिंग विभाग के इंजीनियरों को नवीन दायित्व सौंपे हैं इसमें इंजीनियर हनीफ शेख को जलप्रदाय विभाग, कर्मशाला विभाग व लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 से 49 के समस्त निर्माण एवं संधारण कार्य, इंजीनियर सुरेश व्यास को प्रधानमंत्री आवास योजना, एएचपी, बीएलसी घटक के समस्त कार्य, कॉलोनी सेल, अमृत योजना-सीवरेज, नाला सुदृढ़ीकरण, सहायक यंत्री अरविंद दशोत्तर को प्रभारी अधिकारी उद्यान व प्रभारी अधिकारी अमृत सागर झील संरक्षण योजना, एमके जैन को लोक निर्माण विभाग के वार्ड क्रमांक 1 से 14 के समस्त विकास कार्य, सत्यप्रकाश आचार्य को प्रभारी अधिकारी विकास शाखा व प्रभारी अधिकारी प्रकाश विभाग, श्याम कुमार सोनी को भवन अनुज्ञा वार्ड 1 से 49 तक, अनवर कुरैशी को लोक निर्माण विभाग के वार्ड 33 से 49 के समस्त विकास कार्य, कॉलोनी सेल वार्ड वार्ड क्रमांक 33 से 49 का दायित्व सौंपा है। उपयंत्री भैय्यालाल चौधरी को जलप्रदाय विभाग वार्ड 1 से 25, सुहास पंडित को वार्ड क्रमांक 26 से 49, राजेंद्र मिश्रा को लोक निर्माण विभाग अंतर्गत मेंटेनेंस कार्य, राजेश पाटीदार को वार्ड 9 से 16, लोक निर्माण विभाग के समस्त कार्य, भवन अनुज्ञा, ब्रजेश कुशवाह को वार्ड 17 से 24, लोक निर्माण विभाग के समस्त कार्य, उपयंत्री मनीष तिवारी वार्ड 25 से 32, लोक निर्माण विभाग के समस्त कार्य, उपयंत्री दीक्षा निजामपुरकर को वार्ड 33 से 40, लोक निर्माण विभाग के समस्त कार्य, भवन अनुज्ञा, उपयंत्री अनिता ठाकुर को 41 से 49, लोक निर्माण विभाग के समस्त कार्य का दायित्व सौंपा है।

दे. भास्कर 5/10/21

### समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिखाएं सख्त तेवर और कहा-

# कॉलोनियों पर कार्रवाई में ईमानदारी से कार्यों को नहीं दिया जा रहा अंजाम

प्रसारण न्यूज • रतलाम

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कृषि विभाग की समीक्षा में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने उप संचालक कृषि को निर्देश दिए कि यूरिया की कालाबाजारी नहीं हो, यह सुनिश्चित किया जाए। यदि जिले में किसी ने निर्धारित से ज्यादा मूल्य पर यूरिया बेचा तो उसके विरुद्ध रासुका लगाया जाएगा।

उप-संचालक के विरुद्ध नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने कहा कि आपके विरुद्ध सबसे ज्यादा शिकायतें आ रही हैं, यह ध्यान रहे कि आप ही सेटिंग करके ज्यादा कीमत में यूरिया नहीं बिकवाएं, अब यदि आगे और शिकायतें आई तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में अपर कलेक्टर एम एल आर्य, सी ई ओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, डी एफ ओ श्री डुडवे, एस डी एम अभिषेक गहलोत, जिला योजना अधिकारी बालकृष्ण पाटीदार, जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी एस.एच चौधरी, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक आदि उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नगर निगम के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि माफिया के विरुद्ध कार्यवाही में ईमानदारी से कार्य को अंजाम



## फूड एंड ड्रग इंस्पेक्टर्स के विरुद्ध भारी नाराजगी

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा फूड एंड ड्रग इंस्पेक्टर की कार्यप्रणाली के विरुद्ध भारी नाराजगी व्यक्त की गई। कलेक्टर ने कहा कि आप लोगों का काम दिखाई नहीं दे रहा है, अभी तक किसी मसाला उद्योग के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई, जबकि वहां से मिलावट की सूचनाएं प्राप्त हो रही है। जिले के बाजना-सैलाना क्षेत्रों में भी नमूने लेने का कार्य ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा नहीं किया गया है। अब पूरे सप्ताह में सभी फूड एंड ड्रग इंस्पेक्टर सैलाना-बाजना- रावटी क्षेत्रों में भ्रमण करके नमूने लेंगे, एफ आई आर करवाएंगे। कलेक्टर ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी दुकानदार से सेटिंग नहीं करना, अन्यथा आपके विरुद्ध भोपाल रिपोर्ट भेज दी जाएगी। अपर कलेक्टर एम एल आर्य को भी निर्देश दिए कि वह नियमित रूप से फूड एंड ड्रग इंस्पेक्टर की बैठक लेकर मॉनिटरिंग करें, गंभीर किस्म की मिलावट के सैंपल कलेक्टर के हस्ताक्षर के साथ भोपाल प्रयोगशाला को भेजे जाए। बैठक में पलसोड़ा ग्राम पंचायत सरपंच के विरुद्ध की जा रही जांच को 15 दिन की अवधि में पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले को दिए गए, सुनिश्चित करने को कहा कि वास्तविक जांच हो।

## पटवारी सोमवार तथा गुरुवार को अपने मुख्यालय पर अनिवार्य रूप से मिलेंगे

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शासन के निर्देश अनुसार बैठक में निर्देशित किया कि जिले में सभी पटवारी अपने मुख्यालय पर सोमवार तथा गुरुवार को अनिवार्य रूप से आमजन के लिए उपलब्ध रहेंगे, ताकि आम जनता को परेशानी नहीं हो और उनका काम हो जाए। पटवारियों के ग्राम पंचायत मुख्यालय पर बैठक का समय प्रातः 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक का रहेगा, जिसमें वे आमजन के लिए उपलब्ध रहेंगे, अन्यथा की स्थिति में बगैर किसी लाग लपेट के पटवारी के विरुद्ध कार्रवाई कर दी जाएगी। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे इन दिनों कोई बैठक नहीं रखें और रिपोर्ट करें।

## धारा-172 हटाने से डायवर्जन की राह आसान, अवैध कॉलोनियां बढ़ीं

# सुविधा ही बन गई दुविधा

पत्रिका पड़ताल

देवेंद्र शर्मा
patrika.com

भोपाल. आशियाना बनाने के लिए लोग जीवनभर की पूंजी लगाकर प्लॉट-मकान खरीदते हैं, लेकिन उनका सपना तब टूट जाता है, जब पता चलता है कि जिस जगह प्लॉट या मकान खरीदा है, वह कॉलोनी ही अवैध है। यह स्थिति भोपाल में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की है। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि कुछ साल पहले सरकार ने डायवर्जन को आसान बनाने के लिए मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता की धारा-172 को विलोपित (हटा) कर दिया था। लोगों को इसी एक्ट की धारा-59 के तहत टैक्स जमा करके ऑनलाइन आवेदन से ही डायवर्जन की सुविधा दी गई। इसी सुविधा ने अवैध कॉलोनियों की राह खोल दी।

अब स्थिति यह है कि कृषि भूमि पर ऑनलाइन डायवर्जन करवाकर कॉलोनाइजर यहीं कॉलोनियां विकसित करना शुरू कर देते हैं। आमजन जमीन के डायवर्जन का पत्र देखते हैं और यहां प्लॉट-मकान खरीद लेते हैं। बाद में जब संबंधित विभाग यहां किसी तरह की सुविधाएं नहीं देते।


भोपाल. गेहूंखेड़ा में अवैध कॉलोनी। शहर में ऐसी 425 अवैध कॉलोनी हैं।

### दोनों नियम ऐसे समझें

**नियम-172 में क्या था?**

नियम 172 के तहत डायवर्जन आवेदन पर टीएंडसीपी समेत अन्य संबंधित विभागों की ओर से एनओसी का प्रावधान था। इससे जमीन को मनमर्जी तरीके से बदला नहीं जा सकता था।

**अब धारा-59 में क्या?**

धारा-59 में अफसर सिर्फ टैक्स कम जमा होने पर नोटिस देकर पूरा टैक्स जमा करने का कह सकता है। पूरा टैक्स जमा होने पर ऑनलाइन डायवर्जन हो जाता है। एनओसी नहीं लगती।

**क्या है समाधान** : एक्सपर्ट का कहना है कि अगर अवैध कॉलोनियों को रोकना है और आम आदमी को राहत देनी है तो पुराने नियम-172 को डायवर्जन के लिए फिर से लागू करना चाहिए।

### अवैध कॉलोनियों में ये मुसीबत

- बिजली का स्थायी कनेक्शन मिलने में दिक्कत।
- शहर विकास के लिए केंद्र व राज्य सरकार की राशि का उपयोग नहीं होता, जिससे सड़क, सीवेज, पानी जैसे जरूरी काम नहीं हो पाते।
- यहां सरकारी एजेंसियों की कार्रवाई का डर बना रहता है। बारिश से लेकर गर्मी और हर मौसम में लोग परेशान होते हैं।

एक्सपर्ट व्यू

### किया था आगाह, नहीं मानी सलाह

जब ये नियम विलोपित करने की बात चल रही थी तो इसके विलोपित होने से अवैध कॉलोनियों के विकास में तेजी की आशंका जताई थी। तब कहा गया था कि यदि ऐसा होगा तो संबंधित विभाग इस पर कार्रवाई करें। अब संबंधित विभाग कार्रवाई में गंभीरता नहीं लाते हैं। नतीजा ये कि अवैध कॉलोनियां तेजी से बढ़ रही हैं। आमजन भ्रमित होकर यहां अपने जीवन की गाढ़ी कमाई जमा कर बाद में पछताने को मजबूर होता है।

- विनोद कुमार चतुर्वेदी
पूर्व अपर आयुक्त
नगर निगम, भोपाल

### प्रदेश में वैध होंगी अवैध कॉलोनियां

हालांकि सरकार ने नगर पालिका संशोधन अध्यादेश 2021 को पारित करने की मंजूरी दी है। इस फैसले के बाद प्रदेश की करीब 6846 अवैध कॉलोनियां वैध हो जाएंगी।

पत्रिका 5/10/21

कालाबाजारी नहीं हो, यह सुनिश्चित किया जाए। यदि जिले में किसी ने निर्धारित से ज्यादा मूल्य पर यूरिया बेचा तो उसके विरुद्ध रासुका लगाया जाएगा।

उप-संचालक के विरुद्ध नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने कहा कि आपके विरुद्ध सबसे ज्यादा शिकायतें आ रही हैं, यह ध्यान रहे कि आप ही सेटिंग करके ज्यादा कीमत में यूरिया नहीं बिकवाएं, अब यदि आगे और शिकायतें आई तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में अपर कलेक्टर एम एल आर्य, सी ई ओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, डी एफ ओ श्री डुडवे, एस डी एम अभिषेक गहलोत, जिला योजना अधिकारी बालकृष्ण पाटीदार, जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी एस.एच चौधरी, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक आदि उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम ने नगर निगम के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि माफिया के विरुद्ध कार्यवाही में ईमानदारी से कार्य को अंजाम नहीं दिया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि विगत दिनों शहर में दो कॉलोनियों से अतिक्रमण हटाकर भूमि मुक्त कराई गई, परंतु तीसरी कॉलोनी में कार्रवाई नहीं की गई, वहां सेटिंग की शिकायत प्राप्त हुई है। सूचना में बताया गया है कि नगर निगम के इंजीनियर द्वारा कॉलोनाइजर से सेटिंग करके कॉलोनी को टूटने से बचा लिया गया। निगमायुक्त को सख्ती से निर्देशित किया गया कि उक्त प्रकार के इंजीनियरों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाए।

समीक्षा के दौरान नामली तहसीलदार श्रीमती अनीता चौकोटिया ने बताया कि नामली शहर में करीब 15 कॉलोनियां चिन्हित की गई है, जिनके विरुद्ध कार्रवाई की जाना है। कलेक्टर ने कहा कि सभी के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें।



## फूड एंड ड्रग इंस्पेक्टर्स के विरुद्ध भारी नाराजगी

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा फूड एंड ड्रग इंस्पेक्टर की कार्यप्रणाली के विरुद्ध भारी नाराजगी व्यक्त की गई। कलेक्टर ने कहा कि आप लोगों का काम दिखाई नहीं दे रहा है, अभी तक किसी मसाला उद्योग के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई, जबकि वहां से मिलावट की सूचनाएं प्राप्त हो रही है। जिले के बाजना-सैलाना क्षेत्रों में भी नमूने लेने का कार्य ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा नहीं किया गया है। अब पूरे सप्ताह में सभी फूड एंड ड्रग इंस्पेक्टर सैलाना-बाजना-रावटी क्षेत्रों में भ्रमण करके नमूने लेंगे, एफ आई आर करवाएंगे। कलेक्टर ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी दुकानदार से सेटिंग नहीं करना, अन्यथा आपके विरुद्ध भोपाल रिपोर्ट भेज दी जाएगी। अपर कलेक्टर एम एल आर्य को भी निर्देश दिए कि वह नियमित रूप से फूड एंड ड्रग इंस्पेक्टर की बैठक लेकर मॉनिटरिंग करें, गंभीर किस्म की मिलावट के सैंपल कलेक्टर के हस्ताक्षर के साथ भोपाल प्रयोगशाला को भेजे जाए। बैठक में पलसोड़ा ग्राम पंचायत सरपंच के विरुद्ध की जा रही जांच को 15 दिन की अवधि में पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले को दिए गए, सुनिश्चित करने को कहा कि वास्तविक जांच हो।

### पटवारी सोमवार तथा गुरुवार को अपने मुख्यालय पर अनिवार्य रूप से मिलेंगे

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शासन के निर्देश अनुसार बैठक में निर्देशित किया कि जिले में सभी पटवारी अपने मुख्यालय पर सोमवार तथा गुरुवार को अनिवार्य रूप से आमजन के लिए उपलब्ध रहेंगे, ताकि आम जनता को परेशानी नहीं हो और उनका काम हो जाए। पटवारियों के ग्राम पंचायत मुख्यालय पर बैठक का समय प्रातः 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक का रहेगा, जिसमें वे आमजन के लिए उपलब्ध रहेंगे, अन्यथा की स्थिति में बगैर किसी लाग लपेट के पटवारी के विरुद्ध कार्रवाई कर दी जाएगी। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे इन दिनों कोई बैठक नहीं रखें और रिपोर्ट करें।

### अलकापुरी चौराहे पर शहीद बिरसा मुंडा की प्रतिमा

कलेक्टर ने निगमायुक्त को निर्देशित किया कि शहर के अलकापुरी चौराहे पर शहीद बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने की मांग आई है। इस संबंध में पत्र शासन को प्रेषित करें ताकि आगामी कार्रवाई हो सके।

### वनाधिकार पट्टा धारकों की एंट्री में लेटलतीफी पर नाराजगी

जिले में वनाधिकार अधिनियम के तहत लाभान्वित पट्टा धारक आदिवासी किसानों को शासन की योजनाओं में लाभ देने के लिए कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा उनकी व्यक्तिगत प्रोफाइल कंप्यूटर सिस्टम पर बनवाई जा रही है इसके लिए डाटा एंट्री की जाना है परंतु सैलाना तथा बाजना के जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारियों द्वारा उक्त कार्य में अनावश्यक रूप से विलंब किया जा रहा है इस बात को लेकर कलेक्टर द्वारा दोनों अधिकारियों के विरुद्ध सख्त नाराजगी व्यक्त की गई।

### सीएमएचओ को सैलाना-बाजना क्षेत्रों का भ्रमण करने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए उप स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण हेतु निर्देशित किया गया। सीएमएचओ श्री ननावरे सैलाना-बाजना क्षेत्रों का इसी सप्ताह भ्रमण करेंगे। बैठक में जिला परियोजना समन्वयक एम एल सास्त्री को भी फील्ड विजिट करने के निर्देश दिए। वे स्कूलों में जाएं और निरीक्षण करें, रिपोर्ट प्रस्तुत करें। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के महाप्रबंधक श्री तोमर को भी सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### निगमायुक्त ने बताया पशु वापस आ रहे हैं

५।११।२१

बैठक में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने कलेक्टर को बताया कि नगर निगम द्वारा शहर से पकड़े गए पशुओं को शहर के बाहर की गौशालाओं में रखा गया, परंतु देखने में आ रहा है कि गौशालाओं द्वारा वापस से पशुओं को छोड़ा जा रहा है। विगत दिनों से बड़ी संख्या में शहर में वे पशु देखने में आ रहे हैं। इस पर कलेक्टर द्वारा उप संचालक पशु चिकित्सा को समन्वय करने के निर्देश दिए गए, साथ ही बताया गया कि बड़ौदा ग्राम की गौशाला में पर्याप्त जगह है, वहां पर नगर निगम पशुओं को रखवाए। कलेक्टर ने निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि शहर में कुत्तों की भरमार को देखते हुए समस्या के निदान के लिए योजना बनाएं। डॉग बाइट के मामले में हम प्रदेश में दूसरे नंबर पर हैं यह बहुत चिंतनीय है।